राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!
गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 288
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
गुरुवार 11 सितंबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 बोटेनिकल गार्डन में नोएडा का मॉर्डन बस स्टैंड होगा
पेज 4 बाढ़ पीड़ितों को खाद्यान्न किट व तिरपाल वितरित, समीक्षा बैठक
पेज 6 हार्दिक पांड्या की लग्जरी घड़ी चर्चा में, एशिया कप की प्राइज

## संक्षिप्त खबरें

### मनीषा केस में सीबीआई की परिवार से 2 बार पूछताछ

**भिवानी।** भिवानी जिले के गांव ढाणी लक्ष्मण निवासी शिक्षिका मनीषा की मौत की सीबीआई जांच जारी है। सीबीआई ने उन लोगों से पूछताछ की जिन्होंने पहली बार मनीषा का शव देखा, ताकि पता चल सके उस दिन उन्होंने क्या देखा था। सीबीआई टीम ने प्ले-स्कूल संचालक, कॉलेज संचालक और स्थानीय दवा विक्रेता से भी पूछताछ की है। मनीषा के परिवार वालों से अब तक 2 बार पूछताछ की जा चुकी है। घटनास्थल पर भी सीबीआई टीम 3 बार जा चुकी है और वहां निरीक्षण कर चुकी है। टीम लगातार कदम-दर-कदम जांच कर रही है और हर शक के पहलू की तफ्तीश कर रही है।


### पानीपत के भोड़वाल माजरी स्टेशन पर रुकेगी 2 ट्रेन

**पंचकूला।** उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से 78वें वार्षिक निरंकारी संत समागम के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए जम्मूतवी-अजमेर-जम्मूतवी एवं बान्द्रा टर्मिनस-चंडीगढ-बान्द्रा टर्मिनस रेल सेवा का 6 अक्टूबर से 7 नवंबर 2025 तक पानीपत के भोड़वाल माजरी स्टेशन पर 2 मिनट का अस्थाई ठहराव दिया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार गाड़ी संख्या 12414, जम्मूतवी-अजमेर रेल सेवा 6 अक्टूबर से 7 नवंबर तक भोड़वाल माजरी स्टेशन पर रात 2.20 बजे आगमन एवं 2.22 बजे प्रस्थान करेगी।



### हैप्पी मॉर्निंग


पत्नी- सुनो, आज कुछ अलग बात करो न पति- क्या बोलूं?
पत्नी- जो भी मुझे देखकर तुम्हें याद आए पति- रहने दो
पत्नी- प्लीज बोलो न
पति- भूत-पिशाच निकट नहीं आवे,
महावीर जब नाम सुनावे....



### शायरी

दुनिया ने तेरी याद से बेगाना कर दिया
तुझ से भी दिल-फ़रेब हैं ग़म रोज़गार के

### अर्थसार



सेंसेक्स:
81,425.15
+323.83 (0.40%)
निफ्टी:
24,973.10
+104.50

### मौसम



अधिकतम : 33 डिग्री से0
न्यूनतम : 26 डिग्री से0
सूर्योदय शुक्रवार : 6 : 10
सूर्यास्त गुरुवार : 6 : 29

# देशभर में एक साथ होगा वोटर्स लिस्ट वेरिफिकेशन

## दावा- बिहार में चुनाव हैं, इसलिए एसआईआर पहले हुआ; अन्य राज्यों में तारीख की घोषणा अलग से होगी

**नई दिल्ली।** बिहार में वोटर्स लिस्ट के स्पेशल इंटेसिव रिविजन यानी वोटर्स लिस्ट वेरिफिकेशन के बाद, अब चुनाव आयोग पूरे देश में एक साथ एसआईआर कराएगा। न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से बताया कि एसआईआर की शुरुआत कब होगी, अभी तक इसकी आधिकारिक तारीख तय नहीं हुई है।



सूत्रों ने बताया कि बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, इसलिए चुनाव आयोग ने सबसे पहले बिहार में एसआईआर किया। देश के बाकी हिस्सों के लिए एसआईआर की तारीख का ऐलान अलग से जारी किया जाएगा। चुनाव आयोग ने इस साल 24 जून को अपने एक आदेश के जरिए पूरे देश में एसआईआर करने की घोषणा की थी। चुनाव आयोग ने देशभर में एसआईआर की रूपरेखा पर चर्चा करने के लिए बुधवार को दिल्ली में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ मीटिंग की थी। इसमें मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार भी मौजूद थे।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार बिहार के बाद, इस साल के अंत में असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले एसआईआर शुरू हो सकती है। इसका मुख्य मकसद जन्म स्थान की जांच करके अवैध प्रवासियों को बाहर निकालना है। इससे पहले, चुनाव आयोग ने मंगलवार को बिहार चुनाव आयोग को लेटर भेजकर मतदाताओं की पहचान के लिए आधार कार्ड को 12वें दस्तावेज के रूप में स्वीकार करने का निर्देश दिया। चुनाव आयोग का यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के 8 सितंबर के आदेश के बाद आया है।

# एटीसी उपकरण पर बिजली गिरने से रायपुर एयरपोर्ट बंद

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में आकाशीय बिजली गिरने से बुधवार शाम को स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर विमानों का संचालन बाधित हो गया। बिजली गिरने के कारण एयरपोर्ट के उपकरण खराब हो गए और उड़ानों को डायवर्ट करना पड़ा।

### उड़ानों को डायवर्ट करना पड़ा

कोलकाता और हैदराबाद से आ रहे दो विमानों को भुवनेश्वर, दिल्ली से आ रही फ्लाइट को भोपाल और मुंबई व पुणे से आने वाले विमानों को नागपुर भेजा गया।

### बिजली गिरने से नेवीगेशन उपकरण खराब

एयरपोर्ट निदेशक केके लहरे ने बताया कि बिजली गिरने से नेवीगेशन उपकरण खराब हो गया था और तकनीकी टीम इसे सुधारने में लगी है। इसलिए विमानों का संचालन बंद है। मौसम विज्ञानी डॉ. गायत्री वाणी ने बताया कि शाम को एयरपोर्ट और आसपास के क्षेत्रों में बिजली गिरने की चेतावनी दी गई थी।

### अस्थायी आश्रय




बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) शिक्षक भर्ती परीक्षा (टीआरई-3) के अभ्यर्थी पूरक परिणाम जारी करने की मांग को लेकर पटना में विरोध प्रदर्शन के दौरान।

# मोदी चीन के गले पड़ रहे

## चीन ने जब सीमा पर कब्जा किया तो बोले कोई घुसा नहीं : खड़गे

**जूनागढ़।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुजरात के जूनागढ़ में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि गुजरात में ही नरेंद्र मोदी ने चीन के राष्ट्रपति को झूला झुलाया था। लेकिन जब चीन ने हमारे सैनिकों पर हमला किया, सीमाओं पर कब्जा किया तो मोदी बोले कि हमारी सीमा में कोई घुसा नहीं है। अब खुद ही जाकर चीन के गले पड़ रहे हैं।

अपने संबोधन में खरगे ने कहा- आज कांग्रेस के खिलाफ जो खड़े हैं- वो ब्रिटिश के एजेंट हैं। जो लोग कभी गांधी-नेहरू के खिलाफ थे, आजादी के खिलाफ थे। आज वही लोग आज कांग्रेस के खिलाफ हैं। हमारी विचारधारा को अगर धक्का लगा तो पूरे देश को धक्का लगेगा।

कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे कहा- देश को आजादी महात्मा गांधी और सरदार पटेल की वजह से मिली और उन्हीं की वजह से आज देश एक है। दोनों हमारे लिए पूजनीय हैं। लेकिन, यहां दो और लोग हैं, जो संविधान की रक्षा नहीं करना चाहते। वे गांधी और सरदार के काम को बर्बाद करना चाहते हैं।

# सुशीला कार्की नेपाल की अंतरिम पीएम बनेंगी

## सुप्रीम कोर्ट की पूर्व जस्टिस, बीएचयू से पढ़ीं; काठमांडू मेयर बालेन ने समर्थन दिया




**काठमांडू।** नेपाल की पहली महिला चीफ जस्टिस रहीं सुशीला कार्की कल नेपाल की अंतरिम पीएम बनेंगी। उनके नाम पर सहमति बन गई है। काठमांडू के मेयर बालेन शाह ने उनका समर्थन किया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सुशीला कार्की ने बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी से राजनीति शास्त्र में मास्टर्स किया है। उन्होंने 1979 में वकालत में अपना करियर शुरू किया था। सुशीला कार्की 11 जुलाई 2016 से 6 जून 2017 तक नेपाल की मुख्य न्यायाधीश थीं। 2017 में उनके खिलाफ महाभियोग लाया गया था। सुशीला कार्की पर पूर्वाग्रह और कार्यपालिका में हस्तक्षेप का आरोप लगा था।

दूसरी तरफ नेपाल के पूर्व पीएम केपी ओली ने तख्तापलट के लिए नाम लिए बिना भारत को दोष दिया है। उन्होंने कहा कि राम नेपाल में जन्में थे और लिपुलेख, कालापानी और लिम्पियाधुरा हमारा है। मैं इन बयानों से पीछे हट जाता तो मुझे और मौके मिलते।

### केपी ओली बोले- नेपाल हिंसा एक गहरी साजिश



पद छोडने के बाद पहली बार पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली ने बयान दिया है। उन्होंने युवाओं के नाम खुली चिट्ठी लिखकर प्रदर्शन को गहरी साजिश बताया है। उन्होंने कार्यालयों में आगजनी और जेल से कैदियों को छुड़ाने जैसी घटनाओं को पहले से तय बताया।

### विरोध प्रदर्शनों में अब तक 30 की मौत, 1,033 घायल

नेपाल स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक अब तक देशभर में 30 लोग मारे गए हैं और 1033 लोग घायल हुए हैं। बुधवार शाम जारी आंकड़ों के मुताबिक, 713 घायल अस्पताल से छुट्टी पा चुके हैं, जबकि 55 लोगों को आगे के इलाज के लिए रेफर किया गया है। इसके अलावा 253 लोग नए भर्ती हुए हैं। सबसे ज्यादा मरीज सिविल सर्विस अस्पताल में हैं, जहां 436 लोगों का इलाज चल रहा है।

# मणिपुर में यूनाइटेड नगा काउंसिल ने दो 'एनएच' ब्लॉक किए

## ट्रकों को रोका; केंद्र से 1643 किमी लंबे भारत-म्यांमार बॉर्डर पर फेंसिंग रोकने की मांग

**इंफाल।** मणिपुर के संयुक्त नगा परिषद ने केंद्र सरकार के खिलाफ व्यापार प्रतिबंध शुरू किया है।

इसके तहत बुधवार को नागा-प्रधान इलाकों और राज्य से निकलने वाले नेशनल हाईवे 2 और 37 को ब्लॉक किया। अब यहां पर वाहनों की लंबी लाइन लगी हुई है।



यूएनसी केंद्र के 1643 किमी लंबे भारत-म्यांमार बॉर्डर पर फेंसिंग और फ्री मूवमेंट रिजीम समाप्त करने के फैसले का विरोध कर रहा है। साथ ही यूएनसी 26 अगस्त 2025 को केंद्र के साथ हुई असफल बैठक और उनकी चिंताओं पर कोई प्रतिक्रिया न मिलने से भी नाराज है।

यूएनसी ने इलाकों को ब्लॉक किया गया उनमें सेनापति, उखरुल और तमेंगलॉन्ग जिले शामिल हैं। इससे मणिपुर के अन्य हिस्सों में आपूर्ति लाइन बाधित हो गई है, जिसमें केंद्रीय घाटी और दक्षिणी कुकी-प्रधान पहाड़ी क्षेत्र भी शामिल हैं।

यूएनसी की मांग है कि नागा-प्रधान क्षेत्रों में बॉर्डर फेंसिंग को रोका जाना चाहिए।

साथ ही FMR बहाल किया जाना चाहिए और नागा शांति प्रक्रिया को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

# पंजाब के 2000 गांवों में अभी भी बाढ़

### जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे 16 दिन बाद शुरू

**नई दिल्ली/ भोपाल/ लखनऊ।** पंजाब के सभी 23 जिले अभी भी बाढ़ की चपेट में हैं। 2000 से ज्यादा गांवों में अभी भी बाढ़ का पानी भरा है। केंद्र ने पंजाब को 1600 करोड़ की मदद का ऐलान किया।



जम्मू-कश्मीर में जम्मू घाटी की लाइफ लाइन माने जाने वाले जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे को बुधवार को 16 दिन बाद ट्रैफिक के लिए खोला गया। सड़क पर कई जगहों पर लगातार लैंडस्लाइड के कारण इसे बंद रखा गया था।

सबसे ज्यादा उदयपुर और रामबन जिलों में नुकसान हुआ था। एनएच की बहाली से कश्मीर घाटी से फलों और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति दोबारा से शुरू हुई है। लद्दाख के सियाचिन बेस कैम्प में हिमस्खलन से 3 जवान शहीद हुए।

हरियाणा में 9 सितंबर तक सामान्य से 46 प्रतिशत ज्यादा बारिश हो चुकी है। राज्य में औसतन 385.1 मीमी बारिश होती थी, जो अब तक 563.8 मीमी हो चुकी है। अब तक सबसे ज्यादा बारिश यमुनानगर में 1080.8 मीमी दर्ज की गई है।

गुजरात के बनासकांठा समेत 3 जिलों में पिछले 2 दिनों में 16 इंच से ज्यादा बारिश हो चुकी है। इससे वाव-थराद और सुईगाम तालुका में बाढ़ आ गई। तीनों तालुकाओं के दर्जनों गांवों में 5 फीट तक पानी भरा हुआ है।

# पाकिस्तान सिम भेजने के मामले में नेपाली नागरिक गिरफ्तार

## नेपाल रूट से 16 कार्ड लाहौर भेजे; आईएसआई ने दिया था यूएस-वीजा दिलाने का लालच

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने बुधवार को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई को सिम कार्ड सप्लाई करने के आरोप में नेपाली नागरिक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया, आरोपी प्रभात कुमार चौरसिया को दिल्ली के लक्ष्मी नगर से पकड़ा गया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी ने महाराष्ट्र के लातूर से 16 सिम खरीदकर नेपाल पहुंचाए। यहां से 11 कार्ड पाकिस्तान के लाहौर और बहावलपुर में ट्रेस हुए। इन नंबरों से ऑपरेट हो रहे वॉट्सऐप अकाउंट भारत विरोधी गतिविधियों में इस्तेमाल हो रहे थे।

बहावलपुर जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ है, जहां हाल ही में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर में हमले किए थे। चौरसिया को 2024 में एक नेपाली बिचौलिये के जरिए आईएसआई ने संपर्क किया। आईएसआई ने उसे स्वीजा का लालच दिया था।



आरोपी बिहार के मोतिहारी में पढ़ा-लिखा आईएसआई ग्रेजुएट है। उसने पहले दवा कंपनी में काम किया, फिर काठमांडू में लॉजिस्टिक्स कंपनी खोली जो बंद हो गई।

आरोप है कि चौरसिया ने महाराष्ट्र के लातूर से अपने आधार कार्ड का इस्तेमाल कर सिम कार्ड खरीदे। नेपाली नागरिक होने के बावजूद उसके पास भारतीय आधार कार्ड था। खरीदे गए सिम वह खुद नेपाल ले जाता, जहां से ये कार्ड पाकिस्तान के बहावलपुर और लाहौर तक पहुंचाए जाते थे।

### रांची से आईएसआईएस का संदिग्ध गिरफ्तार

रांची से बुधवार को संदिग्ध आईएसआईएस आतंकवादी अजहर दानिश को गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल, झारखंड एटीएस और रांची पुलिस ने रांची के इस्लामनगर इलाके में ये कार्रवाई की है। टीम ने यहां के तबरक लॉज से संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। बीते करीब डेढ़ वर्षों से दानिश रांची के इस लॉज में रह रहा था। वह 14 जनवरी 2024 को लॉज में रहने आया था। अजहर के खिलाफ दिल्ली में एक मामला दर्ज था। इसके आधार पर दिल्ली स्पेशल सेल उसकी तलाश कर रही थी। उससे पूछताछ की जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक अब उसे दिल्ली ले जाया जाएगा।

# अब सोशल मीडिया पर झूठ फैलाने वालों की खैर नहीं

**नई दिल्ली।** एक संसदीय समिति ने फर्जी खबरों को सार्वजनिक व्यवस्था और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए गंभीर खतरा बताया है और इस चुनौती से निपटने के लिए दंडात्मक प्रावधानों में संशोधन, जुर्माने में वृद्धि और जवाबदेही तय करने की सिफारिश की है।

मंगलवार को अपनाई गई अपनी मसौदा रिपोर्ट में संचार और सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थायी समिति ने सभी प्रिंट, डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संगठनों में अनिवार्य तथ्य जांच तंत्र और आंतरिक लोकपाल की भी बात कही है। सूत्रों ने बताया कि समिति ने कई सुझाव दिए हैं।

इनमें फर्जी खबरों की चुनौती से निपटने के लिए सरकारी, निजी और स्वतंत्र तथ्य जांचकर्ताओं समेत सभी हितधारकों के बीच सहयोग शामिल है।

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की अध्यक्षता वाली समिति ने सर्वसम्मति से रिपोर्ट स्वीकार की, जिससे पता चलता है कि फर्जी खबरों की समस्या से निपटने के लिए किए जा रहे प्रयासों को सभी पक्षों का समर्थन प्राप्त है।

मसौदा रिपोर्ट में कहा गया है- समिति चाहती है कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय यह सुनिश्चित करे कि सभी प्रिंट, डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संगठनों में तथ्य जांच तंत्र और आंतरिक लोकपाल अनिवार्य किए जाएं।

### करोड़ की इनकम

## 70 प्रतिशत चुनावी बॉन्ड से मिले; बीआरएस को 685 करोड़, टीएमसी को 646 करोड़ की आय हुई

# 40 रीजनल पार्टियों को 2532 करोड़ की इनकम हुई

नई दिल्ली। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने 40 रीजनल पार्टियों की इनकम रिपोर्ट जारी की है। इन पार्टियों ने वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 2532.09 करोड़ रुपए की आय घोषित की है। इसमें से 70 प्रतिशत से ज्यादा करीब 1796.024 करोड़ रुपए चुनावी बॉन्ड से आए हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत राष्ट्र समिति ने सबसे ज्यादा 685.51 करोड़ रुपए की आय दर्ज की। उसके बाद तृणमूल कांग्रेस ने 646.39 करोड़ रुपए, बीजू जनता दल ने 297.81 करोड़ रुपए की इनकम रही।

वहीं, तेलुगु देशम पार्टी ने 285.07 करोड़ रुपए और वाईएसआर कांग्रेस ने 191.04 करोड़ रुपए की इनकम की। 40 क्षेत्रीय दलों द्वारा घोषित कुल आय का 83.17 प्रतिशत इन पांच पार्टियों को मिला है।

एढीआर ने बताया कि 2022-23 की तुलना में पार्टियों की इनकम 45.77 प्रतिशत बढ़ी है। 2022-23 में इन पार्टियों की इनकम 1,736.85 करोड़ रुपए थी। तब टीएमसी ने सबसे ज्यादा 312.93 करोड़ रुपए कमाए थे।

### 12 राजनीतिक दलों ने आय से ज्यादा खर्च किया

रिपोर्ट के मुताबिक, 27 क्षेत्रीय दलों ने बताया कि उनकी आय का एक हिस्सा खर्च नहीं हुआ।



बीआरएस ने अपनी इनकम में से 430.60 करोड़ रुपए, टीएमसी ने 414.92 करोड़ रुपए और बीजेडी ने 253.79 करोड़ रुपए खर्च नहीं किए।

जबकि वाईएसआर कांग्रेस, डीएमके, समाजवादी पार्टी और जेडीयू सहित 12 दलों ने अपनी इनकम से ज्यादा खर्च किया। गोवा फॉरवर्ड पार्टी ने कोई आय नहीं बताई, लेकिन 1.56 लाख रुपए का खर्च घोषित किया।

### चुनावी बॉन्ड सबसे बड़ा आय स्रोत

इन दलों की कुल आय में से 2,117.85 करोड़ (83.64 प्रतिशत) स्वैच्छिक दान से आया। इसमें से 1,796.02 करोड़ (70.93 प्रतिशत) केवल चुनावी बॉन्ड के जरिए मिले, जिसे सिर्फ 10 दलों ने घोषित किया। इन दलों में बीआरएस, टीएमसी, बीजेडी, टीडीपी, वाईएसआर कांग्रेस और डीएमके प्रमुख हैं।

### 4,507.56 करोड़ चुनावी बॉन्ड भुनाए

एडीआर के आरटीआई आवेदन के जवाब में भारतीय स्टेट बैंक ने बताया कि 2023-24 में राजनीतिक दलों ने 4,507.56 करोड़ रुपए के चुनावी बॉन्ड भुनाए थे। इसमें से करीब 55.99 प्रतिशत (2,524.14 करोड़ रुपए) राष्ट्रीय दलों द्वारा और 39.84 प्रतिशत (1,796.02 करोड़ रुपए) क्षेत्रीय दलों ने निकाले। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023-24 में सिर्फ तीन राष्ट्रीय पार्टियों (भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी) को चुनावी बॉन्ड के माध्यम से चंदा मिला था।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
गुरुवार 11 सितंबर 2025
Www.vishalindia.in

# संपादकीय

## जहरीली हवा से घटी लोगों की उम्र

भारत में वायु प्रदूषण अब केवल एक पर्यावरणीय समस्या नहीं, बल्कि एक गंभीर स्वास्थ्य संकट बन चुका है। हाल के अध्ययनों ने इस बात को रेखांकित किया है कि देश की जहरीली हवा लोगों की जीवन प्रत्याशा को औसतन 3.5 साल तक कम कर रही है। विशेष रूप से दिल्ली जैसे महानगरों में स्थिति और भी चिंताजनक है, जहां प्रदूषण के कारण लोगों की उम्र 8.2 साल तक घट रही है। यह आंकड़े शिकागो विश्वविद्यालय की 2025 की एयर क्वालिटी लाइफ इंडेक्स रिपोर्ट और अन्य हालिया अध्ययनों से सामने आए हैं, जो भारत में वायु प्रदूषण के गंभीर प्रभावों को उजागर करते हैं।



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

### वायु प्रदूषण का स्तर और प्रभाव

भारत की 1.4 अरब आबादी उन क्षेत्रों में रहती है, जहां पीएम 2.5 (पार्टिकुलेट मैटर) का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों से कहीं अधिक है। WHO के अनुसार, पीएम 2.5 की वार्षिक औसत सांद्रता 5 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर होनी चाहिए, लेकिन भारत में यह स्तर औसतन 41 माइक्रोग्राम है, जो WHO के मानक से 8 गुना अधिक है। दिल्ली में तो यह स्तर 88.4 माइक्रोग्राम तक पहुंच गया है, जो WHO के मानक से 17 गुना ज्यादा है। यह जहरीली हवा फेफड़ों की बीमारियों, हृदय रोग, कैंसर और श्वसन संबंधी समस्याओं का प्रमुख कारण बन रही है।

उत्तरी भारत, खासकर इंडो-गैंगेटिक मैदान, प्रदूषण का हॉटस्पॉट बन चुका है। बिहार, हरियाणा और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में लोग अपनी औसत उम्र का 5 से 5.4 साल तक का हिस्सा खो रहे हैं। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में स्थिति इतनी गंभीर है कि विशेषज्ञ इसे जानलेवा हवा कहने लगे हैं।

### स्वास्थ्य पर प्रभाव

वायु प्रदूषण का सबसे गंभीर प्रभाव फेफड़ों और हृदय पर पड़ रहा है। रेस्पिकान 2025 सम्मेलन में विशेषज्ञों ने बताया कि देश में हर साल फेफड़ों के कैंसर के 81,700 नए मामले सामने आ रहे हैं। यह प्रदूषण न केवल वयस्कों, बल्कि बच्चों की सेहत को भी नुकसान पहुंचा रहा है। बच्चों में अस्थमा और श्वसन संबंधी बीमारियां बढ़ रही हैं, जो भविष्य के लिए एक बड़ी चेतावनी है। इसके अलावा, प्रदूषित हवा शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर कर रही है, जिससे लोग अन्य बीमारियों के प्रति अधिक संवेदनशील हो रहे हैं।

### प्रदूषण के कारण

वायु प्रदूषण के लिए कई कारक जिम्मेदार हैं। वाहनों से निकलने वाला धुआं, औद्योगिक गतिविधियां, और हरियाणा व पंजाब में पराली जलाना प्रमुख कारण हैं। खासकर अक्टूबर-नवंबर के महीनों में पराली जलाने से दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों की हवा और जहरीली हो जाती है। इसके अलावा, निर्माण कार्य, सड़कों की धूल, और कोयले से चलने वाले बिजली संयंत्र भी प्रदूषण को बढ़ाते हैं। शहरीकरण और निजी वाहनों की बढ़ती संख्या ने सार्वजनिक परिवहन तंत्र की कमी को और उजागर किया है।

### समाधान की दिशा में कदम

वायु प्रदूषण से निपटने के लिए तत्काल और समन्वित प्रयासों की जरूरत है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि भारत WHO के मानकों को लागू करे, तो औसत जीवन प्रत्याशा में 3.5 साल की वृद्धि हो सकती है। इसके लिए निम्नलिखित कदम उठाए जा सकते हैं :

**सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करना :** निजी वाहनों के उपयोग को कम करने के लिए मेट्रो, बसों और अन्य सार्वजनिक परिवहन साधनों को बढ़ावा देना।

**पराली जलाने पर रोक :** किसानों को पराली जलाने के विकल्प, जैसे बायोमास उपयोग, उपलब्ध कराना।

**औद्योगिक उत्सर्जन पर नियंत्रण :** कारखानों में स्वच्छ तकनीकों का उपयोग और उत्सर्जन मानकों को सख्त करना।

**जागरूकता और नीतिगत सुधार :** लोगों को प्रदूषण के खतरों के प्रति जागरूक करना और राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम को और प्रभावी बनाना।

### निष्कर्ष

भारत में वायु प्रदूषण एक राष्ट्रीय आपदा बन चुका है, जो न केवल लोगों की उम्र कम कर रहा है, बल्कि उनकी जीवन गुणवत्ता को भी प्रभावित कर रहा है। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह संकट और गहरा सकता है। सरकार, उद्योग और समाज को मिलकर इस समस्या से निपटने की जरूरत है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और स्वस्थ हवा मिल सके।

## बेहाल नेपाल

नेपाल में सोशल मीडिया पर बैन लगाने के बाद उग्र हुआ आंदोलन आखिरकार संवैधानिक संकट में बदल गया और सरकार गिरने का कारण बना। यहां तक कि मंत्रियों के बाद प्रधानमंत्री के.पी. ओली तक को इस्तीफा देने को मजबूर होना पड़ा। उग्र युवाओं ने संसद, सुप्रीम कोर्ट, मंत्रियों के आवास व कुछ मीडिया हाउस को भी निशाना बनाया। भले ही तात्कालिक रूप से सोशल मीडिया पर बैन को हिंसा की वजह बताया जा रहा हो, लेकिन यह प्रतिक्रिया तात्कालिक नहीं थी। युवाओं की दशकों की हताशा और राजनीतिक कदाचार, काहिली व निरंकुशता के चलते गुस्सा नेपाल की सड़कों पर लावा बनकर फूटा है। नेपाल सरकार की सख्ती से आंदोलनकारियों के दमन ने आग में घी का काम किया। नेपाल की राजनीति में अवसरवाद व राजनीतिक अस्थिरता ने भी सरकारों के प्रति युवाओं के आक्रोश को बढ़ाया है। विडंबना देखिए कि 17 बरसों में यहां 14 सरकारें बन चुकी हैं। बहरहाल इस हिंसक प्रतिकार में 19 से अधिक युवाओं को अपनी जान तक गंवानी पड़ी। दरअसल, शुरुआत में सोशल मीडिया साइटों पर एक विवादास्पद प्रतिबंध ने युवा नेतृत्व वाले जेन-जेड समूह के गुस्से को भड़का दिया। यह समूह सत्ता के शीर्ष पदों पर कथित भ्रष्टाचार और उनकी संतानों के विलासी जीवन के खिलाफ अभियान चला रहा था। इस युवा ब्रिगेड ने लोकप्रिय ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करके दावा किया कि मंत्रियों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की संतानों की फिजूलखर्ची भरी जीवनशैली अवैध धन-दौलत की बदौलत है। इस पोल-खोल अभियान से घबरायी सरकार ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को दबाने का असफल प्रयास किया। सरकार का यह दांव उस पर ही उलटा पड़ा और सरकार की ही विदाई हो गई। हालांकि, युवाओं का आक्रोश देखते हुए सरकार ने प्रतिबंध हटाने की घोषणा की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। वैसे इस आंदोलन के दौरान जिस तरह हिंसा, आगजनी व तोड़फोड़ हुई, वह दुर्भाग्यपूर्ण ही कही जाएगी। युवाओं की हिंसक भीड़ ने मंगलवार को संसद, सर्वोच्च न्यायालय, राजनीतिक दलों के कार्यालयों और मंत्रियों के घरों को निशाना बनाया। दरअसल, आंदोलनकारी शासन व्यवस्था में आमूल-चूल परिवर्तन और भ्रष्ट नेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते रहे हैं। उनकी मांग रही कि सोमवार को पुलिस गोलाबारी में हुई मौतों के लिये जिम्मेदार लोगों को कड़ी सजा दी जाए। अराजकता और अव्यवस्था के बीच, काठमांडू मेट्रोपॉलिटन सिटी के मेयर, बालेन शाह, एक प्रभावशाली हितधारक के रूप में उभरे हैं। इस पैंतीस वर्षीय पूर्व रैपर ने भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया प्रतिबंध के खिलाफ आंदोलन का समर्थन करके जेन-जेड का विश्वास जीता है। उन्होंने संसद भंग करने की मांग की है। जिसके बाद सैन्य अधिकारियों और आंदोलनकारियों के बीच बातचीत हुई।

# अनिश्चित भविष्य एवं आभासी दुनिया से दुःखी युवापीढ़ी

- ललित गर्ग -



पूरी दुनिया की सरकारें युवा के मुद्दों, उनमें बढ़ रहे तनाव एवं दुःखों और उनकी बातों पर ध्यान आकर्षित करे। न केवल सरकारें बल्कि आम-जनजीवन में भी युवकों की स्थिति, उनके सपने, उनके जीवन लक्ष्य आदि पर चर्चाएं हो, अन्यथा युवकों की जीवनशैली में रचनात्मक परिवर्तन के स्थान पर हिंसा-आतंक-विध्वंस की स्थितियां विकराल होती जायेगी, जैसाकि नेपाल में देखने को मिल रहा है। पिछले कुछ दशकों तक यह मान्यता रही कि जीवन की मध्य आयु वर्ग यानी 40 से 50 वर्ष के लोग ही सबसे अधिक अवसादग्रस्त, तनावग्रस्त, क्रोधित और दुखी होते हैं। युवावस्था और बुजुर्गावस्था अपेक्षाकृत अधिक प्रसन्न और संतुलित मानी जाती थी। लेकिन हाल के वैश्विक अध्ययनों ने इस धारणा को पूरी तरह बदल दिया है। दुनिया में मानसिक स्वास्थ्य पर नजर रखने वाली ग्लोबल माइंड प्रोजेक्ट सहित अनेक शोध बताते हैं कि दुख और तनाव की शुरुआत अब युवावस्था से ही होने लगी है। सबसे खुशी, मस्त एवं तनावमुक्त जीवन जीने वाली यह पीढ़ी अब सबसे अधिक तनावग्रस्त हो गयी है, जो गहन चिन्ता का सबबे है। अमेरिका, ब्रिटेन, एशिया, अफ्रीका और मध्यपूर्व जैसे 44 देशों के आंकड़े स्पष्ट संकेत देते हैं कि मानसिक स्वास्थ्य की दृष्टि से आज की युवा पीढ़ी बुजुर्गों से भी अधिक कमजोर है। युवाओं की इस स्थिति के पीछे कई कारण बताए जाते हैं, जैसे रोजगार की असुरक्षा, भविष्य की अनिश्चितता, कार्यस्थलों का दबाव, प्रतिस्पर्धा का वातावरण और सबसे बड़ा कारक सोशल मीडिया का बढ़ता हस्तक्षेप। आभासी दुनिया युवाओं को बड़े सपने तो दिखाती है, लेकिन जीवन की कठोर सच्चाइयों से उनका सामना नहीं कराती। यही कारण है कि वास्तविक चुनौतियों से टकराते ही वे टूटने लगते हैं।

आज के युवा सोशल मीडिया पर लगातार सक्रिय रहते हैं। देर रात तक स्क्रीन से चिपके रहना उनकी नींद और दिनचर्या दोनों को प्रभावित कर रहा है। आभासी मित्रता और लाइक्स की दुनिया में उन्हें वास्तविक संबंधों की गर्मजोशी नहीं मिल पाती। संवाद की जगह इमोजी ले लेते हैं और भावनाओं का स्थान कृत्रिम पोस्ट। परिणामस्वरूप वे वास्तविक सामाजिक जीवन से कटते जा रहे हैं। मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि जब इंसान अपने मित्रों, परिवार और समाज के साथ आमने-सामने संवाद करता है, तो तनाव कम होता है। कृतज्ञता का भाव मानसिक संतुलन को बनाए रखता है। परंतु डिजिटल आभामंडल में जीने वाला युवा जब अपनी तुलना लगातार दूसरों की सफलता और भौतिक समृद्धि से करता है, तो उसमें हीनभावना और निराशा जन्म लेती है। यही निराशा कई बार आक्रोश और हिंसा का रूप ले लेती है।

सवाल यह है कि मानसिक तनाव का सीधा रिश्ता हिंसा से कैसे जुड़ रहा है। दरअसल, जब कोई व्यक्ति भीतर से असुरक्षित, असंतुष्ट और हताश होता है तो उसकी ऊर्जा रचनात्मकता की बजाय विध्वंसक रास्ते पकड़ लेती है। जिन युवाओं को उचित दिशा, रोजगार और सामाजिक मान्यता नहीं मिल पाती, वे गुस्से में समाज के खिलाफ खड़े हो जाते हैं। यही गुस्सा कई बार सामाजिक अशांति, अपराध और दंगों के रूप में सामने आता है। यह वैश्विक ट्रेंड केवल पश्चिमी देशों तक सीमित नहीं है। भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका और विशेष रूप से नेपाल में हालिया परिदृश्य इसका उदाहरण है। नेपाल में पिछले महीनों हुए दंगे, हाल की युवाक्रांति और युवा आंदोलनों ने इस सच्चाई को सामने ला दिया कि निराशा से भरे युवाओं की ऊर्जा किस तरह हिंसा और अराजकता का रूप ले सकती है। नेपाल का इतिहास ही युवा आंदोलनों से भरा रहा है। राजतंत्र से लोकतंत्र और फिर लोकतांत्रिक अस्थिरता के बीच युवा हमेशा निर्णायक शक्ति रहे हैं। हाल ही में नेपाल में हुए दंगों और विरोध प्रदर्शनों के केंद्र में भी युवा ही थे। नेपाल के युवा लंबे समय से बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और राजनीतिक अस्थिरता से जूझ रहे हैं। वहां की जनसंख्या का बड़ा हिस्सा 30 वर्ष से कम आयु का है, लेकिन रोजगार और अवसरों की कमी उन्हें या तो प्रवासी मजदूरी की ओर धकेल रही है या फिर हिंसक आंदोलनों की ओर। सोशल मीडिया इस असंतोष को और हवा दे रहा है। एक तरफ वहां पर नई राजनीतिक चेतना के स्वर सुनाई देते हैं, दूसरी तरफ यह चेतना जब रचनात्मक दिशा नहीं पाती तो दंगे, हिंसा और अराजकता का रूप ले लेती है।

नेपाल के हालिया आंदोलन यह भी बताते हैं कि युवा सिर्फ रोजगार और आर्थिक अवसर ही नहीं चाहते, वे सामाजिक न्याय, ईमानदार एवं भ्रष्टाचारमुक्त शासन और राजनीतिक स्थिरता की भी मांग कर रहे हैं। लेकिन जब इन मांगों को अनसुना किया जाता है, तो वही आक्रोश सड़क पर हिंसा के रूप में फूट पड़ता है। यदि हम नेपाल की घटनाओं को व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखें तो यह सिर्फ एक देश की समस्या नहीं है। यह उस वैश्विक संकट की झलक है जिसमें पूरी दुनिया की युवा पीढ़ी फंसी हुई है। अमेरिका और ब्रिटेन जैसे विकसित देशों में भी 2016 के बाद से चालीस वर्ष से कम उम्र के युवाओं में अवसाद और चिंता बढ़ी है। एशिया और अफ्रीका जैसे विकासशील देशों में रोजगार की असुरक्षा ने युवाओं को और हताश किया है। तकनीकी विकास और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते प्रयोग ने श्रम आधारित रोजगार के अवसर सीमित कर दिए हैं। नेपाल उसी वैश्विक प्रवृत्ति का एक प्रतिरूप है जहां निराशा और तनाव ने हिंसा का रूप ले लिया है।


युवाओं के दुख, तनाव और हिंसा की प्रवृत्ति को केवल नीतियों या आर्थिक सुधारों से नहीं रोका जा सकता। इसके लिए बहुस्तरीय प्रयासों की जरूरत है। युवाओं को आभासी जीवन से बाहर लाने और वास्तविक संवाद व संबंधों की ओर प्रेरित करना होगा। सरकारों को युवाओं के लिए स्थायी और सुरक्षित रोजगार के अवसर सृजित करने होंगे। शिक्षा को केवल डिग्री तक सीमित न रखकर जीवन कौशल और मानसिक स्वास्थ्य पर भी केंद्रित करना जरूरी है। अवसाद और चिंता को कलंक की बजाय सामान्य समस्या मानकर परामर्श सेवाएं उपलब्ध करानी होंगी। युवाओं की ऊर्जा को रचनात्मक सामाजिक और राजनीतिक भागीदारी में लगाना होगा ताकि उनकी निराशा हिंसा की ओर न मुड़े। युवा क्रांति का प्रतीक है, ऊर्जा का स्रोत है, इस क्रांति एवं ऊर्जा का उपयोग रचनात्मक एवं सृजनात्मक हो, इसके लिये व्यापक प्रयत्न करने होंगे।

युवा पीढ़ी किसी भी समाज का भविष्य होती है। लेकिन जब यही पीढ़ी दुख, तनाव और हिंसा के दुष्चक्र में फंस जाती है तो समाज का भविष्य ही संकटग्रस्त हो जाता है। युवा सपनों को आकार देने का अर्थ है सम्पूर्ण मानव जाति के उन्नत भविष्य का निर्माण। यह सच है कि हर दिन के साथ जीवन का एक नया लिफाफा खुलता है, नए अस्तित्व के साथ, नए अर्थ की शुरूआत के साथ, नयी जीवन दिशाओं के साथ। हर नई आंख देखती है इस संसार को अपनी ताजगी भरी नजरों से। इनमें जो सपने उगते हैं इन्हीं में नये समाज की, नयी आदमी की नींव रखी जाती है। नेपाल के हालिया दंगे इस खतरे की चेतावनी हैं। यह सिर्फ नेपाल का प्रश्न नहीं, बल्कि पूरी दुनिया का प्रश्न है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि हम युवाओं को केवल सपने ही न दिखाएँ, बल्कि उन्हें वास्तविक जीवन की चुनौतियों से जूझने का संबल दें। असीमित आकांक्षाओं और कठोर यथार्थ के बीच संतुलन स्थापित करना ही मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक शांति की कुंजी है। यदि हम यह संतुलन नहीं बना पाए, तो युवा आक्रोश न केवल दंगों और हिंसा का कारण बनेगा बल्कि पूरी सभ्यता की स्थिरता को चुनौती देगा एवं महाविनाश का कारण बनेगा।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3647



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः




### काकुरो - 3646 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

रमन और चमन दवा बेचने का काम करने लगे।

चमन- यह दवा ले लीजिए, इसे खाने वाला सदा जवान रहता है, कभी बूढ़ा नहीं होता। मुझे देखिए अभी मेरी उम्र अभी सिर्फतीन सौ साल है।

दुकानदार (पास खड़े व्यक्ति से बोला)- क्या तुम्हें ये तीन सौ साल के लगते हैं।

रमन- यह मैं कैसे बताऊँ! मैं तो इनके साथ डेढ सौ साल से हूँ।

□ □ □

रमन (नरेश से)- तुम्हारी पत्नी रोजाना घर में इतनी खिटपिट करती रहती है। तुम इतना तनावपूर्ण वातावरण को कैसे सह लेते हो?

नरेश (बड़े इत्मीनान से बोला)- दोस्त! ऑफिस एक ऐसा स्थान है, जहाँ आप घर के तनावों से मुक्ति पाकर विश्राम कर सकते हैं। और रोजाना मैं भी वही करता हूँ।

□ □ □

रमन-चमन आपस मे बातें कर रहे थे।

रमन (चमन से)- मेरी पत्नी दूसरी मंजिल से गिर गई।

चमन- क्या वह मर गई?

रमन- नहीं यार, यह तो अच्छा हुआ कि वह बाल-बाल बच गई।

चमन- अरे यार, तुम केवल बालों का क्या करोगे।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3647



**बायें से दायें:-**

१. 'सारे शहर में आप सा कोई' गीत वाली फिल्म-३
३. 'जब जब प्यार पे पहरा हुआ' गीत वाली की फिल्म-३
६. मिथुन, मधु, रंभा की 'तुम्हें हम बहुत प्यार करने लगे' गीत वाली फिल्म-३
७. 'तेरी प्यारी प्यारी' गीत वाली राजेंद्र कुमार, बी. सरोजादेवी की फिल्म-४
८. बॉबी देओल, रानी मुखर्जी की 'आँखों के रस्ते दिल में' गीत वाली फिल्म-३
९. राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म-३
१४. 'सरकाय लेओ खटिया' गीत वाली गोविंदा, करिश्मा की फिल्म-२,२
१७. फिल्म 'शहीद' में नायिका ?-३
१८. 'आई बहार खिलते हैं दिल' गीत वाली सलमान, रेवती की फिल्म-२
२०. शशिकपूर, रेखा की 'जाने कैसे बीतेंगी ये बरसातें' अभिनीत फिल्म-३
२२. 'मच गया शोर सारी' गीत वाली अमिताभ, परवीन की फिल्म-३
२४. ऋषि, टीना की 'एक हसीना थी एक दीवाना था' गीतवाली फिल्म-२
२५. धर्मेन्द्र, मनोजकुमार, सायराबनो की फिल्म-२
२६. रणधीरकपूर, रेखा की 'हो देख तुझको दिल ने कहा' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'मैं नये जमाने की' गीत वाली अजय देवगन, रवीना की फिल्म-२
२८. अक्षयकुमार, रवीना टंडन की 'दीवाने हैं दीवानों से तू' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'आइये आ जाइये, आ ही जाइये' गीत वाली अनिलकपूर, जैकीश्रॉफ, मनीषा, सोनाली, रेखा की फिल्म-२
३१. राजेश खन्ना, राखी, शर्मिला की 'नी मैं यार मनाना' गीत वाली फिल्म-२
३२. अमिताभ, जीनत की फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'बचपन की मोहब्बत को' गीत वाली भारतभूषण, मीना की फिल्म-२,३
२. सुनील दत्त, मीना की फिल्म-३
३. 'ऐ जिंदगी गले लगा ले' गीत वाली कमल हासन, श्रीदेवी की फिल्म-३
४. लकी अली, मीरा की 'जाना है जाना है चलते ही' गीत वाली फिल्म-३
५. 'मेरे सपनों की रानी कब' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म-४
१०. नसीरूद्दीनशाह, शबाना की 'सीली हवा छू गई' गीत वाली फिल्म-३
११. 'ऐसी रंग दे पिया' गीत वाली राजेश खन्ना, हेमा मालिनी की फिल्म-२
१२. सनी, अमृता की 'ये मेरी जिंदगी बेजान लाश थी' गीत वाली फिल्म-३
१३. 'ठहरो तो सही सोचो तो' गीत वाली गोविंदा, मनीषा कोइराला की फिल्म-४
१५. 'एक लड़की बस गई' गीतवाली फिल्म-२
१६. 'भोर आई गया अंधियारा' गीत वाली राजेश खन्ना, जया की फिल्म-३
१९. कमल सदाना, काजोल की 'जब ना माना दिल दीवाना' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'आशायें खिलें दिल की' गीत वाली नसीर, श्रेयस, श्वेता की फिल्म-४
२३. अनिलकपूर, फरहा की 'पूछ रही है लड़की हैदराबादी' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'आपका खत मिला' गीत वाली जीतेंद्र, रामेश्वरी, सारिका की फिल्म-३
२९. संजयदत्त, अभिषेक, जायेदखान, ईशा देओल, राइमासेन, शिल्पा की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3646



## सूडोकु -3647

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3646 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

## शब्द पहेली - 3647



**बाएँ से दाएँ**

1.सेवक,दास-3
3.निवास करना-3
5.खुजली-2
6.परोपकारी-5
9.प्याला,जाम-2
11.टोंटी,नलका-2
12.आनंद,जूस-2
13.प्रतिज्ञा,शपथ-3
16.सिमरन,सुमरन-3
18.सुअर-3
20.पेन,लेखनी-3
22.कमल,जलज-3
23.क्रोध,गुस्सा-2
24.पाश,फंदा-2
25.शोषण करना-3
28.गौरव,प्रशंसा-3
30.सूत कातने का साधन-3
31.गौरव-3
33.देवर्षि-3
35.अंधकार-2
36.यमराज-2
38.अलमस्त-2
40.सलाह देने वाला-5
41.बीता दिन-2
42.रसदार-3
43.इंद्रियों को जीतने वाला-3

**ऊपर से नीचे**

1.उर्वरक-2
2.विशाल,श्रेष्ठ-3
3.धनवान,संपन्न-3
4.घ्राणेद्रिय,इज्जत-2
5.दैत्य,असुर-3
7.मायाजाल-3
8.उद्धार,पार लगाना-3
10.शरण,आश्रय-3
14.चूर-चूर,ढहा-5
15.टोंटी,नलका-2
17.युद्ध,संग्राम-2
18.दूल्हा-2
19.राजपुत्र-5
21.मद्रास का समुद्र तट-3
22.नीले रंग का बहुमूल्य रत्न-3
26.मित्र,दोस्त.मीत-2
27.हूर,अप्सरा
29.मेहंदी-2
30.शीर्ष,पराकाष्ठा-3
31.इसमें पौधा लगाते हैं-3
32.पीहर,नैहर-3
34.युक्तिवाद,पैरवी-3
35.टब,परात,तगारी-3
37.इच्छा-3
39.परत,तह-2
41.कदर,सम्मान-2

### शब्द पहेली -3646 का हल



# बोटेनिकल गार्डन में नोएडा का मॉर्डन बस स्टैंड होगा

## 2.5 एकड़ में बनेगा.. 18 करोड़ खर्च होंगे, 26 बसों की पार्किंग; डिजाइन तैयार

नोएडा। नोएडा में बोटेनिकल गार्डन बस स्टैंड को 2.5 एकड़ में बनाया जाएगा। इसे मॉर्डन बनाया जाएगा। इसका डिजाइन तैयार किया गया है। इसका एक प्रजेंटेशन सीईओ नोएडा प्राधिकरण के सामने किया। जल्द ही डिजाइन को अप्रूवल मिलेगा। जिसके बाद निर्माण शुरू होगा।

प्राधिकरण ने बताया कि ये नोएडा का सबसे मॉर्डन बस स्टैंड होगा। जिसमें 26 बसों की पार्किंग के लिए 4900 वर्गमीटर का स्पेस होगा। इसमें बसो के लिए चार्जिंग स्टेशन होंगे। पैदल चलने के लिए 7000 वर्गमीटर में पेडिस्ट्रेन होगा। करीब 300 मीटर लंबी रोड इंफ्रा होगी।





बस स्टैंड बिजली के अलावा सोलर पैनल पर संचालित होगा। ताकि बिजली की खपत को कम किया जा सके।

इसके अलाव डेकोरेटिव लाइट्स, साइनेज, स्क्रीन डिस्प्ले और बस चार्जिंग पाइंट भी बनाए जाएंगे।

इन सभी को मिलाकर एक डिजाइन तैयार किया गया। जिसमें सभी शामिल किया गया। जिन 500 बसों का संचालन नोएडा में सिटी बस के तौर पर किया जा रहा है उसी बसों का संचालन यहां से किया जाएगा। यहां से ग्रेटरनोएडा, नोएडा एयरपोर्ट के अलावा अन्य स्थानों के लिए बस मिलेंगी।

### फूड कियोस्क को भी किया शामिल

इसके अलावा इस स्टैंड में दो टॉयलेट, टिकट काउंटर, ऑटो मैटिक टिकटिंग सेवा, फूड कियोस्क के अलावा ऑटो स्टैंड को भी शामिल किया गया है। जिसमें 14 ऑटो खड़े हो सकते है।

लोगों के बैठने के लिए बैंचेस, डेकोरेटिव कॉलम, ट्री ग्रिल, प्लांट बोलार्ड भी लगाए जाएंगे।

प्रजेंटेशन के बाद जल्द ही इसके डिजाइन को अप्रूवल मिल जाएगा। इसके बाद टेंडर प्रक्रिया करके निर्माण कंपनी का चयन किया जाएगा।

### 18 करोड़ में होगा तैयार

इस प्रोजेक्ट को बनाने में 18 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। बताया गया कि इसे छोटे-छोटे टेंडर में बांटकर काम कराया जाएगा। ताकि निर्माण की गुणवत्ता समय से इसे पूरा किया जा सके।

बता दें सिटी बस सर्विस के एसपीवी के गठन के साथ ही नोएडा ग्रेटर-नोएडा और यमुना को 500 ई-बस मिल जाएंगी।

जिनका संचालन शुरू होते ही यहां बस स्टैंड की आवश्यकता बढ़ेगी। क्योंकि मुसाफिरों के लिहाज से ये बड़ा जंक्शन है।

# एमबीए छात्र की हत्या करने वाले स्टूडेंट की भी मौत

## पुलिस अफसर पिता की पिस्टल से हॉस्टल में की वारदात, ग्रेटर नोएडा की घटना

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में एमबीए छात्र को गोली मारकर हत्या करने वाले आरोपी छात्र की बुधवार को मौत हो गई। आरोपी छात्र भी मैनेजमेंट का स्टूडेंट था और साथ ही हत्या के बाद खुद को गोली मार ली थी। दोनों हॉस्टल के कमरे में खून से लथपथ मिले थे। यह वारदात मंगलवार सुबह करीब 11.30 बजे की है।

आरोपी ने अपने पिता की लाइसेंसी पिस्टल से इस वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने लोडेड पिस्टल मौके से बरामद किया है। यह घटना नॉलेज पार्क एरिया के बीटेक इंस्टीट्यूट की है। हत्या की वजह अभी तक स्पष्ट नहीं हुई है। पुलिस ने बताया कि वह मामले की अभी छानबीन कर रही है।




### अब पढ़िए पूरा मामला

आगरा के भगवान टॉकीज के पास रहने वाला देवांश चौहान (23), ग्रेटर नोएडा के बीटेक इंस्टीट्यूट से PGDM की पढ़ाई कर रहा था। वह कॉलेज हॉस्टल में ही रहता था। हॉस्टल में उसके साथ रहने वाला रूममेट, दीपक कुमार (22) एमबीए की पढ़ाई कर रहा था। दीपक, आंध्र प्रदेश के चिलकुलरी का रहने वाला था। हॉस्टल के छात्र बताते हैं कि दोनों के बीच अच्छी दोस्ती थी।

हॉस्टल के साथी स्टूडेंट्स ने बताया कि मंगलवार की सुबह करीब 9.30 बजे देवांश आगरा से लौटा था। करीब 11.30 बजे हॉस्टल के कमरे से गोली चलने की आवाज आई। गार्ड ने गोली चलने की आवाज सुनी तो वह दौड़े पहुंचे। वार्डेन पहुंचे। कमरा अंदर से लॉक था। किसी तरह कमरे को खोला गया। दरवाजा खुलने पर देखा कि अंदर दो युवक खून से लथपथ पड़े थे। दीपक कुमार और देवांश दोनों को गोली लगी थी। दीपक की मौत हो चुकी थी जबकि देवांश की सांसें चल रही थी।

### इलाज के दौरान देवांश की मौत

हॉस्टल प्रबंधन ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने देवांश को अस्पताल पहुंचवाया।

बुधवार को इलाज के दौरान देवांश की मौत हो गई। दोनों परिवारों को इस हत्याकांड की सूचना दे दी गई है।

हॉस्टल में देवांश ने जिस पिस्टल से अपने साथी दीपक की हत्या की, वह लाइसेंसी है। इस पिस्टल में कुल 6 गोलियां थीं, जिनमें से दो चली थी जबकि चार गोलियां भरी हुई थीं। पिस्टल का लाइसेंस उसके पिता सुरेंद्र सिंह के नाम पर है। सुरेंद्र सिंह, रिटायर्ड डिप्टी एसपी हैं। बताया जा रहा है कि देवांश अपने घर पिस्टल लेने ही गया था।

वारदात के एक दिन बाद भी हत्या की वजह सामने नहीं आ सकी है। देवांश ने अपने रूममेट दीपक को गोली क्यों मारी, यह सवाल अभी भी अनसाल्व्ड है। न परिवार के लोग कुछ बोल रहे हैं न ही दोस्त ही अभी कुछ बता पा रहे। सब यही कह रहे कि दोनों में अच्छी दोस्ती थी।

उधर, पुलिस ने कमरा को सील कर दिया है। पुलिस ने दोनों छात्रों के मोबाइल फोन जब्त कर लिए हैं। कॉल डिटेल रिकॉर्ड की जांच की जा रही है। पुलिस, लव अफेयर से लेकर कई एंगल की जांच कर रही है।

# अवैध निर्माण तोड़ने पहुंची नोएडा प्राधिकरण टीम का विरोध



**24 खसरों पर 39 डेवलपर ने बनाई 60 इमारतें, टीन शेड और साइट ऑफिस ध्वस्त**

**नोएडा।** सलारपुर गांव में बुधवार को अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंची नोएडा प्राधिकरण की टीम को लोगों के विरोध और हमने के बाद वापस लौटना पड़ा है। लोगों के भारी भीड़ के विरोध के कारण प्राधिकरण की टीम लाचार नजर आई, और उसे वापस लौटना पड़ा। बता दे कि सलारपुर में लगा हुआ चेतावनी का बोर्ड बता रहा है कि यह जमीन प्राधिकरण की है इस पर अतिक्रमण करना और अवैध निर्माण करना अपराध है। लेकिन इस बोर्ड के पीछे खड़ी बड़ी-बड़ी इमारतें इस बात की ताकीद कर रही हैं, यहां भूमाफियाओं की दबंगई चल रही है। जब तय कार्यक्रम के अनुसार प्राधिकरण के दस्ते बुल्डोजरो के साथ अवैध निर्माण को हटाने पहुंचे, तो लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई और उन्होंने प्राधिकरण के अधिकारियों और उनकी गाड़ियों को घेर कर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया. लोगों की भीड़ के विरोध को देखते हुए प्राधिकरण के टीम को काम रोकना पड़ा। और मौके की नज़ाकत को देखते हुए प्राधिकरण की टीम को बिना कार्रवाई किए बैरंग लौटना पडा। इस मामले में प्राधिकरण की तरफ से पुलिस को कोई अभी शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है, पुलिस का कहना है की शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# निक्की हत्याकांड में आरोपी पक्ष ने जमानत अर्जी दी

**अब तक नहीं मिला निक्की का मोबाइल, सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखने की मांग**

**नोएडा।** निक्की हत्याकांड मामले में आरोपी पक्ष के वकील ने अदालत में जमानत याचिका दाखिल की। आरोपी पक्ष के वकील ने बताया कि आरोपी विपिन, उसके भाई रोहित, पिता सत्वीर मां दया की ओर से अलग-अलग जमानत अर्जी की गई है।

अदालत में इस मामले में जल्द सुनवाई होगी। कई अहम साक्ष्य मौजूद है। इससे पहले विपिन के चाचा में पुलिस आयुक्त कार्यालय में जांच के लिए पत्र सौंपा था। आरोपी पक्ष ने मांग की है सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित किया जाए। कंचन के मोबाइल की जांच की जाए।

इस मामले में अब तक निक्की का मोबाइल पुलिस को नहीं मिला है। घटना के करीब 17 दिन बाद भी निक्की का फोन कहां है?

सवाल उठ रहा है कि आखिर उस फोन में ऐसा क्या था और किसने उसे पुलिस के हाथ लगने से पहले ठिकाने लगा दिया? समझा जा रहा है कि निक्की की हत्या हुई या फिर उसने खुद को आग लगाई। इस रहस्य से पर्दा उठाने में उसका मोबाइल फोन मददगार साबित हो सकता है। दोनों पक्ष एक दूसरे पर मोबाइल को गायब करने का आरोप लगा रहे हैं।

### नोएडा के नाले में मिला प्रतिबंधित पशु का शव

**नोएडा।** नोएडा के थाना फेज-1 स्थित नाले में प्रतिबंधित पशु का शव मिला। जिसकी जानकारी मिलते ही हिंदू वादी संगठन मौके पर पहुंचे। इसके बाद उन्होंने नारेबाजी की। उन्होंने प्रतिबंधित पशु की हत्या की आंशका जताई है। इसके बाद संगठन के कार्यकर्ताओं ने सेक्टर-15 मेट्रो स्टेशन से सेक्टर-14 की तरफ जाने वाले रास्ते पर बैठने का प्रयास किया। सड़क जाम कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्यकर्ताओं को सड़क किनारे किया और यातायात को सुचारु किया। जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस के आला अधिकारी पहुंचे। कार्यकर्ताओं से पुलिस ने बातचीत की।

# थाना ईकोटेक थ्री पुलिस ने 15000 रूपये के ईनामी को मुठभेड़ के उपरांत किया गिरफ्तार

सोनू शर्मा विशाल इण्डिया

**ग्रेटर नोएडा।** थाना ईकोटेक थ्री पुलिस ने एक 15 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त अवनीश पुत्र हरपाल निवासी ग्राम कनई थाना समरेर जिला बदायूं हाल पता हबीबपुर थाना इकोटेक थ्री गौतमबुद्धनगर को मुठभेड़ के उपरांत मंगलवार को गोलचक्कर के पास से गिरफ्तार कर लिया।पुलिस मुठभेड़ में उपरोक्त अभियुक्त गोली लगने से घायल हो गया।

जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने एक तमंचा तीन सौ पन्द्रह बोर मय एक कारतूस जिन्दा और एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल बरामद की है।मिली जानकारी के अनुसार 9 सितम्बर 2025 को थाना इकोटेक थ्री पुलिस द्वारा गोलचक्कर के पास संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग की जा रही थी तभी एक व्यक्ति बहुत तेजी से मोटरसाइकिल से आता हुआ दिखाई दिया जिसे पुलिस बल द्वारा रूकने का ईशारा किया गया लेकिन वह नहीं रूका बल्कि मोटर साइकिल लेकर तेजी से भागने का प्रयास करने लगा।

शक होने पर पुलिस बल द्वारा पीछा किया गया तो अपने आप को घिरता देख घबराहट में मोटर साइकिल फिसल कर गिर गयी और उक्त बदमाश द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। पुलिस बल द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी कार्यवाही में बदमाश गोली लगने के कारण घायल हो गया। पूछताछ पर अभियुक्त द्वारा बताया गया कि वह फैक्ट्रियों में चोरी की घटनाऐं कारित करता है तथा अभियुक्त के साथी पूर्व में ही जेल जा चुके है। अभियुक्त 15000 का इनामी वांछित है।

जो शातिर चोरों के गैंग का मास्टरमाइंड और सरगना है। जो थाना इकोटेक थ्री से चोरी के मुकदमों में वांछित था।गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्त के विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

# शार्ट न्यूज

### गैंग बनाकर चैन और मोबाइल स्नैचिंग करने वाली वांछित महिला स्नेचर गिरफ्तार



**ग्रेटर नोएडा।** गैंग बनाकर महिला भी चैन और मोबाइल स्नैचिंग के मामले मे सक्रिय नजर आ रही है, ग्रेटर नोएडा के बीटा 2 थाने की पुलिस ने एक वांछित महिला स्नेचर को लोकल इंटेलिजेंस और तकनीकी साक्ष्य के आधार पर गांव ऐच्छर से गिरफ्तार किया है। बता दे कि थाना बीटा 2 पुलिस के गिरफ्त में खड़ी पुनीता पुत्री मन्नू एक शातिर किस्म की अपराधी है, जिसका अपना ही गैंग है, और इस गैंग का सरगना विशाल उर्फ मोनू है। अपने साथियो तनिष्क और रोबिन के साथ मिलकर पुनीता चेन मोबाइल स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम देती है. इस गिरोह के सरगना विशाल उर्फ मोनू और तनिष्क को थाना बीटा-2 पुलिस ने 8 सितंबर की रात मुठभेड़ के दौरान चोरी की मोटरसाइकिल और छीने हुए दो मोबाइल फोन और अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया था। पुनीता और रॉबिन वांछित चल रहे थे। पुनीता की गिरफ्तारी के बाद अब पुलिस को रोबिन की तलाश है।

### स्कूल बिल्डिंग के निर्माण में विवाद

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में एक निजी स्कूल की बिल्डिंग निर्माण को लेकर विवाद सामने आया है। कंस्ट्रक्शन कंपनी ने स्कूल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर नीरज त्यागी ने कोर्ट में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 2022 में उनकी कंपनी को सेक्टर 22श्व में स्कूल बिल्डिंग के निर्माण का ठेका मिला था। कंपनी ने दो करोड़ रुपए की निर्माण सामग्री और मशीनरी के साथ काम शुरू किया। मजदूर दरों को लेकर दोनों पक्षों में सहमति नहीं बन पाई। कंपनी ने अब तक किए गए काम का भुगतान मांगा। समझौते के बावजूद स्कूल प्रबंधन ने न तो भुगतान किया और न ही निर्माण सामग्री वापस ले जाने दी। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर हंस वाहिनी शिक्षा समिति के प्रेसिडेंट गुरुदत्त और कोषाध्यक्ष योगेश कुमार समेत कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोप है कि स्कूल प्रबंधन ने करीब एक करोड़ रुपए का सामान भी चोरी कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बिजली की समस्याओं से परेशान किसानों का प्रदर्शन

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में बिजली घर पर बुधवार को भारतीय किसान यूनियन कृषि शक्ति के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। दनकौर बिजली घर से लगभग 25 गांवों में बिजली आपूर्ति की जाती है। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि बिजली की लाइनें कई वर्षों से जर्जर हैं। गांवों में कम क्षमता के ट्रांसफॉर्मर लगे हैं, जो अक्सर खराब हो जाते हैं। खराब ट्रांसफॉर्मर को बदलने में महीनों का समय लग जाता है। भारतीय किसान यूनियन कृषक शक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमन ठाकुर के नेतृत्व में किसान बिजली घर पहुंचे। उन्होंने विभाग के खिलाफ नारेबाजी की और धरने पर बैठ गए। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं होता। तीन घंटे के प्रदर्शन के बाद बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने समस्याओं का जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद धरना समाप्त हुआ।

### जेवर में ट्रक से मिले गोवंश के अवशेष

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जेवर कोतवाली क्षेत्र में बुधवार को गोवंश के अवशेष मिलने से तनाव फैल गया। खुर्जा रोड पर गांव बंकापुर के पास एक ट्रक में गोवंश के अवशेष मिलने की सूचना पर ग्रामीण एकत्र हो गए। आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रक में तोड़फोड़ कर सड़क पर जाम लगा दिया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने भीड़ को शांत कराया। पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। किसी अप्रिय घटना से बचने के लिए मौके पर अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। अवशेषों को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। गांव में तनाव को देखते हुए एहतियातन पुलिस बल तैनात किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर पहले भी ऐसी गतिविधियां सामने आई हैं। लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

### स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में नौवें स्थान पर नोएडा

**नोएडा।** स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2025 में नोएडा का प्रदर्शन बेहतर नहीं रहा। 2024 में तीन से 10 लाख तक की आबादी वाले शहरों में नोएडा छठे नंबर पर रहा था। इस बार तीन पायदान नीचे आकर नौवें स्थान पर पहुंच गया। प्राधिकरण ने रैंक गिरने के बाद कारण तलाशने शुरू कर दिए। मंत्रालय की तरफ से यह सर्वेक्षण देश के मुख्य 130 शहर जो राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनकैप) में शामिल हैं, उनके लिए करवाया गया था। इसमें 10 लाख से ज्यादा आबादी, तीन से 10 लाख तक की आबादी और तीन लाख से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी थी। नोएडा दूसरी श्रेणी 3-10 लाख तक की आबादी में शामिल है। इसमें प्राधिकरण की तरफ से 200 अंक का दावा करने के साथ आवेदन किया गया था। दावे के बाद सर्वेक्षण और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की तरफ से किए गए आकलन में 184.2 अंक हासिल हुए।

# प्रदेश के सभी औद्योगिक प्राधिकरण में होगा कॉमन बिल्डिंग बॉयलॉज

## वैश्विक शहरों की समीक्षा, निर्माण नियम को आसान और निवेश को बढ़ाना है मकसद

नोएडा। प्रदेश में नौ इंडस्ट्रियल प्राधिकरण में कॉमन बिल्डिंग बॉयलॉज लागू किया जा रहा है। जिस पर शासन स्तर पर होने वाली बैठक में नोएडा , ग्रेटर नोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण के अधिकारी अपना सुझाव रखेंगे।

हालांकि ये तीनों प्राधिकरण एनसीआर प्लानिंग बोर्ड में आते है। ऐसे में इनके नियम बाकी औद्योगिक विकास प्राधिकरण से अलग है।

यहां कई नियमों पर कैग ने भी आपत्ति लगाई है। ऐसे में प्राधिकरण के अधिकारी अपने सुझाव रखेंगे। जिसके अध्ययन के बाद ही निष्कर्ष निकलकर सामने आएगा। इसका मकसद है निर्माण नियमों को आसान बनाना, निवेश आकर्षित करना और अनावश्यक लालफीताशाही को खत्म करना है।

1 सितम्बर को राज्य स्तरीय समिति ने इसकी समीक्षा की जिनमें लैंड यूज, फ्लोर एरिया रेश्यो, ग्राउंड कवरेज, सेटबैक, पार्किंग और ग्रीन एरिया से जुड़े बड़े बदलाव प्रस्तावित हैं।




### वैश्विक शहरों के मॉडल को रखा ध्यान

यह कदम गुजरात, तेलंगाना और तमिलनाडु जैसे राज्यों तथा सिंगापुर-हॉन्गकॉन्ग जैसे वैश्विक शहरों के मॉडल को ध्यान में रखकर उठाया गया है।

सबसे अहम बदलाव है ग्राउंड कवरेज की सीमा खत्म करना। अभी तक उद्योग केवल 35 से 60 प्रतिशत, आवास 35 से 40 प्रतिशत और वाणिज्यिक/संस्थागत परियोजनाएं 30 से 60 प्रतिशत क्षेत्र पर ही निर्माण कर सकती थीं। जबकि आवास विकास परिषद (आवास विकास) में ऐसी कोई पाबंदी नहीं थी। अब प्रस्ताव है कि सभी प्राधिकरणों में कवरेज की सीमा हटाकर पूरी तरह लचीलापन दिया जाए। इससे बड़ी इंडस्ट्री को काफी फायदा होगा।

### एफएआर में मिलेगी राहत

इसी तरह फ्लोर एरिया रेश्यो (स्न्नक्र) को भी आसान बनाया जा रहा है। वर्तमान में उद्योग के लिए 0.6 से 2.0, ग्रुप हाउसिंग में 2.75 से 3.5, संस्थागत में 0.8 से 2.75 और वाणिज्यिक 1.2 से 4 की सीमा है। एक समान बॉयलॉज के तहत उद्योग को 2.5 से 3, ग्रुप हाउसिंग को 3.5, संस्थागत को 1.2 से 3 और कामर्शियल को 1.5 से 4 तक एफएआर की अनुमति होगी। इससे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में अधिक निर्माण संभव होगा और परियोजनाओं की लागत व्यावहारिक बनेगी।

सेटबैक यानी भवन और भूखंड सीमा के बीच की दूरी को भी सरल किया गया है। जहां पहले बड़े प्लॉट्स में 16 मीटर तक का सेटबैक जरूरी था, वहीं नई व्यवस्था में इसे 3 से 9 मीटर तक सीमित कर दिया गया है। इससे उपयोग योग्य क्षेत्र बढ़ेगा।

### पार्किंग के नियमों होगा बदलाव

पार्किंग नियमों में भी बड़ी राहत दी गई है। पहले औद्योगिक परियोजनाओं में हर 100 वर्गमीटर पर एक कार पार्किंग जरूरी थी, कामर्शियल में 30 से 100 वर्गमीटर एक कार की पार्किंग और संस्थागत में 22 से 100 वर्गमीटर पर एक कार पार्किंग चाहिए थी। अब इसे ढील देकर उद्योग में 300 वर्गमीटर पर, ग्रुप हाउसिंग के लिए प्रति फ्लैट 1से 1.5 ईसीएस, संस्थागत में 85 से 200 वर्गमीटर पर और कामर्शियल परियोजनाओं में 50 से 500 वर्गमीटर पर एक पार्किंग स्थान अनिवार्य किया गया है।

### ग्रीन एरिया की शर्त होगी आसान

इसी तरह ग्रीन और ओपन एरिया की शर्त भी आसान कर दी गई है। अभी तक 25ङ्क50 प्रतिशत भूमि हरे क्षेत्र में देना अनिवार्य है। जबकि आवास विकास में 10 से 15 प्रतिशत ।

नई नीति में इसे घटाकर सिर्फ 5 से 10 प्रतिशत किया जा रहा है। साथ ही ऊंचाई की सीमा भी खत्म कर दी गई है, केवल एयरपोर्ट या धरोहर स्थलों के आसपास रोक रहेगी। सरकार का कहना है कि इन बदलावों से नियम एक जैसे होंगे, निवेशकों को भरोसा मिलेगा और मंजूरी की प्रक्रिया तेज होगी।

# उत्तर प्रदेश पुलिस बैडमिंटन टीम के खिलाड़ी राजन यादव ने फिर रचा इतिहास, जीता स्वर्ण पदक

▸ इस शानदार उपलब्धि पर उत्तर प्रदेश पुलिस के आईजी स्पोर्ट्स डॉ. प्रीतेंद्र सिंह और प्रादेशिक खेल अधिकारी श्री विनय चौधरी ने राजन यादव और उनके कोच वरुण पवार को हार्दिक बधाई दी।



विशाल इंडिया संवाददाता

**जमशेदपुर, झारखंड , नोएडा ।** उत्तर प्रदेश पुलिस बैडमिंटन टीम के होनहार खिलाड़ी मु.आ. राजन यादव ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए इतिहास रच दिया है। दिनांक 04 सितंबर 2025 से 07 सितंबर 2025 तक झारखंड के जमशेदपुर में आयोजित ईस्ट इंटर स्टेट जोनल बैडमिंटन चैंपियनशिप 2025 में राजन यादव ने पुरुष एकल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

इस शानदार उपलब्धि पर उत्तर प्रदेश पुलिस के आईजी स्पोर्ट्स डॉ. प्रीतेंद्र सिंह और प्रादेशिक खेल अधिकारी श्री विनय चौधरी ने राजन यादव और उनके कोच वरुण पवार को हार्दिक बधाई दी। साथ ही, उन्होंने आगामी प्रतियोगिताओं के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।

पिछले कुछ समय से उत्तर प्रदेश पुलिस की विभिन्न खेल टीमों ने न केवल भारत बल्कि विश्व स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी उत्कृष्टता साबित की है।

विशेष रूप से उत्तर प्रदेश पुलिस की बैडमिंटन टीम, कोच वरुण पवार के कुशल मार्गदर्शन में, गाजियाबाद कमिश्नरेट में रहकर सीबीआई अकादमी, शास्त्री नगर, गाजियाबाद में कठिन अभ्यास कर रही है।

पिछले लगभग डेढ़ वर्षों से यह टीम अपने समर्पण और मेहनत के दम पर विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर रही है और उत्तर प्रदेश पुलिस का नाम रोशन कर रही है।

यह उपलब्धि न केवल राजन यादव और उनकी टीम के लिए गर्व का क्षण है, बल्कि यह उत्तर प्रदेश पुलिस के खेल विभाग के लिए भी एक बड़ी उपलब्धि है।

कोच वरुण पवार के नेतृत्व में यह टीम भविष्य में भी ऐसे ही शानदार प्रदर्शन करने के लिए तैयार है।

# बाढ़ पीड़ितों को खाद्यान्न किट व तिरपाल वितरित, समीक्षा बैठक में अधिकारियों को मिले निर्देश

**पीलीभीत।** जनपद में बाढ़ से प्रभावित ग्रामीणों को राहत पहुंचाने के लिए प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख मंगलवार को अमरिया तहसील क्षेत्र के विभिन्न इलाकों का दौरा करने पहुंचे। यहां उन्होंने प्रभावित परिवारों को खाद्यान्न किट व तिरपाल वितरित किए। बाद में पीडब्ल्यूडी गेस्टहाउस में हुई समीक्षा बैठक में उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और प्रशासनिक कार्यों पर संतोष जताया।





### प्रभावितों को मिला राहत सामग्री का सहारा

मंत्री बलदेव सिंह औलख जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह व जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह के साथ जोशी कॉलोनी और टांडा विजैसी पहुंचे। यहां उन्होंने बाढ़ पीड़ितों से हालचाल पूछा और समस्याएं सुनीं। प्रभावित परिवारों को खाद्यान्न किट और तिरपाल उपलब्ध कराए गए। मंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में सरकार हर संभव मदद के लिए संकल्पबद्ध है। शीघ्र ही राजस्व टीम द्वारा फसल क्षति का आंकलन कर किसानों को मुआवजा दिलाया जाएगा।

### प्रशासन कर रहा लगातार मदद

जिलाधिकारी ने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासनिक टीमें लगातार सक्रिय हैं। गांव-गांव जाकर पीड़ित परिवारों तक राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है। साथ ही प्रभावित इलाकों में एंटी लार्वा का छिड़काव, साफ-सफाई और स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कराया जा रहा है ताकि महामारी का खतरा न बढ़े।

### समीक्षा बैठक में विभागवार चर्चा

राहत वितरण कार्यक्रम के बाद पीडब्ल्यूडी गेस्टहाउस में प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि तीन गौशालाओं में पानी भर जाने से गौवंशों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। पशु चिकित्सा कैंप लगाकर पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण और टीकाकरण कराया जा रहा है।
पंचायतीराज विभाग ने जानकारी दी कि बाढ़ के बाद सभी प्रभावित गांवों में सफाई, फॉगिंग, एंटी लार्वा और चूना का छिड़काव कराया जा रहा है।

### किसानों व सड़क मरम्मत पर विशेष जोर

मंत्री औलख ने उप कृषि निदेशक को निर्देश दिए कि फसल क्षति का आंकलन शीघ्र पूरा कर किसानों को मुआवजा सुनिश्चित किया जाए। लोक निर्माण विभाग को भी बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़कों का विवरण तैयार कर त्वरित मरम्मत करने के निर्देश दिए गए।
मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश मिला कि बाढ़ प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों की जांच और दवा वितरण सुनिश्चित किया जाए।

### जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की मौजूदगी

बैठक में जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, विधायक विवेक वर्मा, जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, उप कृषि निदेशक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री ने प्रशासन द्वारा किए गए कार्यों पर संतोष व्यक्त किया और कहा कि संयुक्त प्रयास ही इस संकट की घड़ी में राहत पहुंचा सकते हैं।

# पुल क्षतिग्रस्त, आवागमन ठप होने से ग्रामीणों का प्रदर्शन

**सांसद और विधायक से शीघ्र निर्माण की मांग**

**गजरौला (पीलीभीत)।** थाना गजरौला क्षेत्र के गांव रामनगरिया का पुल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो जाने से ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। पुल पर बाढ़ का पानी चढ़ जाने से हालात और बिगड़ गए हैं। मंगलवार को बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर सांसद और विधायक से पुल का शीघ्र निर्माण कराने की मांग की।
ग्रामीणों का कहना है कि पुल की जर्जर स्थिति से आवागमन बाधित हो रहा है। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और बीमार मरीजों को गांव से बाहर जाने में दिक्कत झेलनी पड़ रही है। हादसों का खतरा लगातार बना हुआ है।



ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि करीब एक वर्ष पूर्व माला रोड का निर्माण कराया गया था, लेकिन इस दौरान पुल की मरम्मत नहीं की गई। न तो उसकी रेलिंग लगाई गई और न ही टूटे हिस्सों को दुरुस्त किया गया। अब बाढ़ का पानी आने से पुल और जर्जर हो गया है, जिससे लोगों की जान पर संकट मंडरा रहा है। विरोध प्रदर्शन में पूर्व प्रधान लालाराम, छोटेलाल, रोहित कुमार, राजू, अर्जुन पाल, नन्हेंलाल, पूरनलाल, विकास, गुलाबी सिंह, कुलविंदर सिंह, गोपाल, कन्हैयालाल, सोनू, रूपलाल, प्रेमपाल, राजेश, बबलू, राकेश कुमार, माखनलाल, तारावती, बाबूराम, गंगाराम, बिरजन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।
सभी ने एक स्वर में पुल की तत्काल मरम्मत और नए पुल निर्माण की मांग की।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे।

## बाईपास पर सड़क हादसा, पोल से टकराई बाइक, युवक की मौत, साथी गंभीर

**हरिनारायण यादव विशाल इंडिया**

**गाजीपुर।** रामपुर बंतरा बाईपास पर एक हादसा हो गया। तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर पर चढ़कर पोल से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि लखमीपुर बरहपुर निवासी 28 वर्षीय विवेक यादव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी अशोक यादव (30) गंभीर रूप से घायल होकर जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। जानकारी के मुताबिक, दोनों युवक किसी कार्य से पहाड़पुर गए थे और रात करीब नौ बजे अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक बेकाबू होकर डिवाइडर पर चढ़ गई और सीधे पोल से टकरा गई। हादसे में विवेक यादव के सिर पर गंभीर चोट आई और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घायल अशोक को आनन-फानन में गाजीपुर ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। हादसे की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। मृतक विवेक यादव की एक साल की मासूम बेटी और पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों का कहना है कि विवेक परिवार की जिम्मेदारी का सहारा था, उसकी अचानक मौत से पूरा परिवार टूट गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## 12 सितंबर को आयोजित होने वाले रोजगार मेले में रोजगार पाने का सुनहरा अवसर

**ललितपुर ।** ललितपुर के समस्त युवक एवं युक्तियों/अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि राजकीय इण्टर कॉलेज, जनपद-ललितपुर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन दिनांक 12 सितम्बर को किया जा रहा है। रोजगार मेले में 1- डिक्सन टेक्नोलॉजीज इण्डिया लिमिटेड में कॉल सेन्टर व डाटा एन्ट्री ऑपरेटर पद हेतु 44 रिक्तियां 2-भारतीय जीवन बीमा निगम ललितपुर में सिटी कॅरियर एजेंट, रूलर कॅरियर एजेंट एवं महिला कॅरियर एजेंट पद हेतु 150 रिक्तियां 3-पटेल बायो फर्टिलाइजर में सेल्स मेन पद हेतु 10 रिक्तियां 4-फुलफोर्स सिक्योरिटी एण्ड मेनपावर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, ललितपुर में कम्प्यूटर ऑपरेटर, टेली कॉलिंग पद हेतु 05 रिक्तियां 5-पुखराज हेल्थ केयर प्रा0लि0 में फील्ड एक्जीक्यूटिव पद हेतु 50 रिक्तयों पर भर्ती की जा रही है। साथ ही अन्य कम्पनियाँ भी प्रतिभाग कर सकती हैं। जिसमे शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, एवं परास्नातक, आईटीआई, पॉलीटेक्निक डिप्लोमा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की आवश्यकता है। मेले में सम्मिलित होने व साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों को अपना पंजीयन रोजगार संगम पोर्टल पर जॉबसीकर के रूप में कराना होगा। जिसमें जनपद के सभी युवक/युवतियाँ रोजगार के अवसर जानने हेतु प्रतिभाग कर सकते हैं। सभी को सूचित किया जाता है कि जिला सेवायोजन कार्यालय, के माध्यम से आयोजित होने वाले रोजगार मेलों में कम्पनियों द्वारा चयन प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क होती है, जिसमें अभ्यर्थियों से नियुक्ति से पहले या बाद में किसी प्रकार के रूपये/ सिक्योरिटी डिपोजिट की डिमाण्ड नही की जाती है।

# बाघ एक्सप्रेस पहुंची ग्राम बरी और शहादत गंज उर्फ पिपराही

## नुक्कड़ नाटक कर लोगों को बताया मानव-वन्यजीव सहअस्तित्व के बारे में

**पीलीभीत।** आज मानव और वन्यजीवों के सहअस्तित्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाई जा रही बाघ एक्सप्रेस जागरूकता अभियान के तहत आज यह अभियान ग्राम बरी और शहादत गंज उर्फ पिपराही में पहुंचा। लोगों ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया, पीलीभीत टाइगर रिजर्व और रूरूफाउंडेशन के सहयोग से चलाए जा रहे इस कार्यक्रम की सराहना की कार्यक्रम में लगभग 400 लोगों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान बाघ एक्सप्रेस में लगी टीवी के माध्यम से मानव और वन्यजीवो के सहअस्तित्व से जुड़ी छोटी-छोटी फिल्म, नुक्कड़ नाटक और संवाद सत्रों के माध्यम से स्थानीय लोगों को वन्यजीव संरक्षण और उनके साथ सामंजस्यपूर्ण जीवन जीने के महत्व के बारे में बताया गया।



कार्यक्रम का संचालन बाघ मित्र राजीव कुमार के द्वारा किया गया, कार्यक्रम में बाघ मित्र अमन श्रीवास्तव, बाबू राम वन स्टाफ महोफ रेंज से, श्रीपाल, राधे श्याम, ज्याला प्रसाद और बरी के ग्राम प्रधान भी मौजूद रहे। इस पहल के तहत कलाकारों ने रोचक और शिक्षाप्रद नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए, जिनमें वन्यजीवों के प्राकृतिक आवासों की रक्षा, मानवीय गतिविधियों के कारण बढ़ते खतरे और बाघों सहित अन्य वन्यजीवों के संरक्षण की जरूरत पर प्रकाश डाला गया। स्थानीय लोगों ने कार्यक्रम की सराहना की और किसानों, महिलाओं बच्चों और युवाओं ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और वन्यजीव संरक्षण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। कार्यक्रम के उपरांत वन जीवो से सुरक्षा हेतु कौन-कौन से उपाय करने चाहिए उससे संबंधित पंपलेट भी लोगों को वितरित किए गए।
पीलीभीत टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने बताया कि बाघ एक्सप्रेस का उद्देश्य केवल जागरूकता बढ़ाना ही नहीं, बल्कि लोगों को वन्यजीवों के साथ सुरक्षित और सकारात्मक संबंध बनाने के लिए प्रेरित करना भी है।

# विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर हुई गोष्ठी

**ललितपुर।** वर्ल्ड सुसाईड प्रिवेंशन डे के अवसर पर सी0एम0ओ0 कार्यालय सभागार ललितपुर मे मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया।
मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0इम्तियाज अहमद ने बताया कि आज के समय में बदलती लाइफ स्टाईल और बढ़ते तनाव के कारण लोग मानसिक समस्याओं का शिकार होते जा रहे है। यह न सिर्फ व्यक्ति बल्कि पूरे समाज के लिए एक गंभीर चिता का विषय है। डिप्रेशन और एंग्जायटी जैसी दिक्कतें कई बार इतने गंभीर रूप ले लती है है कि व्यक्ति आत्महत्या तक करने को मजबूर हो जाता है। इसी जगरूकता को बढ़ाने और लोगों को आत्महत्या रोकथाम के उपाय बताने के लिए हर साल 10 सितम्बर को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य है लोगों को संदेश देना कि आत्महत्या रोकी जा सकती है और समय पर मदद लेने से जीवन को बचाया जा सकता है। इस अवसर पर नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम डॉ0अमित तिवारी ने बतया कि दुनिया भर में आत्महत्या के मामले लगातार बढ़ रहे है। इस समस्या को लेकर वैश्विक स्तर पर गंभीर प्रयासों की आवश्यकता है। ऐसे में अंतर्राष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम संघ और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मिलकर 2003 से वर्ल्ड सुसाईड प्रिवेंशन डे की शुरूआत की। तब से हर साल यह दिन 10 सितम्बर को दुनियाभर में मनाया जाता है। पब्लिक हैल्थ स्पेशलिस्ट डॉ0 सौरभ सक्सेना ने बताया कि इस दिन का महत्व लोगों को यह संदेश देना है कि आत्महत्या रोकी जा सकती है। लोगों को मानसिक स्वास्थ्य पर बातचीत हेतु प्रोत्साहित करना ताकि लोग मदद लेने में हिचकिचाएं नहीं। परिवार और समाज में ऐसा माहौल बनाना चाहिए जिससे व्यक्ति को सहारा और सकारात्मक ऊर्जा मिल सके। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला चिकित्सालय ललितपुर में मनकक्ष की स्थापना की गयी है।




## प्रयागराज में कॉलेज के अंदर छात्र की हत्या

**प्रयागराज।** प्रयागराज में कॉलेज के अंदर कक्षा- 12 के छात्र की हत्या कर दी गई। उसके 2 क्लासमेट ने चाकू से सीने और गले पर हमला किया। छात्र को घायल हालत में पास के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। लेकिन, अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। घटना के समय उसका भाई भी वहां मौजूद था। उसी के सामने हत्या की गई। मर्डर के बाद वह अपने भाई की लाश को गोद में लेकर रोता रहा। छात्र के दादा ने कॉलेज के एक टीचर पर हत्या करवाने का आरोप लगाया है। वारदात करछना थाना क्षेत्र स्थित इंदिरा गांधी स्मारक कॉलेज की है।

# पीएनबी आरसेटी द्वारा मोमबत्ती बनाने का 12 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**ललितपुर।** ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), ललितपुर द्वारा की 12 स्वयं सहायता समूह व बीपीएल की महिलाओं को स्व-रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से मोमबत्ती बनाने का 12 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न किया गया।
कार्यक्रम के समापन अवसर पर निदेशक आरसेटी सतीश चन्द्र जी द्वारा प्रशिक्षणार्थियों का स्वागत किया गया। निदेशक आरसेटी समापन अवसर पर प्रशिक्षित समूह की महिलाओं को अपने वक्तव्य में कहा गया कि सभी महिलायें अपने-अपने पंचायत क्षेत्र में कार्य करें बैंक योजनाओं की जानकारी, साइबर धोकाधड़ी, धन की जमा निकासी के बारे में जानकारी प्रदान करें। प्रशिक्षण का उपयोग अपने कार्य क्षेत्र में करें ताकि लोगों को स्वरोजगार सम्बन्धिक जानकारी प्रदान करते रहे अधिक से अधिक बैंक व्यवस्था से जुड़कर कार्य करें।



रायपुर से आयी महिला स्किल टेऊनर द्वारा महिलाओं को 12 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान किया गया। इन हाउस फैकल्टी आकांक्षा खरे द्वारा प्रशिक्षणार्थिंयों को अपने समूह में एक साथ मिलकर कार्य करने को कहा आगे कार्य करने में यदि आर्थिक परेशानी आये तो बैंक व समूह की मदद लेकर कार्य को शुरू किया जाये। महिलाओं का अंतिम दिन असेस्मेंट लेने के लिए कानपुर से आये असेसर जयवीर सिंह व झांसी से बी0बी0लाल द्वारा महिलाओं का लिखित,मौखित व प्रयोगात्मक परीक्षा ली गयी जिसमें सभी महिलायें अच्छे अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण हुई है।
कार्यक्रम का संचालन इन हाउस फैकल्टी श्रीमती आकांक्षा खरे ने किया प्रशिक्षण में जो भी सिखाया गया उसका सद्उपयोग भविष्य में अपने कार्य क्षेत्र में करें।
इस अवसर पर वरि0 इन हाउस फैकल्टी रूपेन्द्र श्रीवास्तव, कार्यालय सहायक नन्दकिशोर व सुनील कुमार और अटेण्डर राजीव भी उपस्थित रहे।

# शार्ट न्यूज

## बाढ़ग्रस्त इलाकों में जनमानस को भारी नुकसान उठाना पड़ा है : महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज



पीलीभीत। बरखेड़ा विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने मंगलवार को दिल्ली में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री तथा पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विधानसभा क्षेत्र 128 बरखेड़ा के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। विधायक ने बताया कि क्षेत्र के बाढ़ग्रस्त इलाकों में जनमानस को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। इस स्थिति से सांसद को अवगत कराते हुए उन्होंने प्रभावित लोगों को उचित मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के लोगों की सेवा और समस्याओं के समाधान के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं। बाढ़ संकट के समय उन्होंने स्वयं राहत कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए पीड़ितों को हरसंभव सहायता प्रदान की।सांसद जितिन प्रसाद ने विधायक द्वारा उठाए गए मुद्दों पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया और क्षेत्रीय विकास के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

## वांछित वारंटी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**विशाल इण्डिया पूनम तिवारी**




**अंबेडकर नगर।** महरुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत महरुआ पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक अंबेडकर नगर केशव कुमार के दिशा निर्देशन में लगातार अपराध एवं अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही के क्रम में थाना अध्यक्ष महरुआ यादवेंद्र सोनकर के कुशल नेतृत्व में उप निरीक्षक पूजा शुक्ला हेड कॉन्स्टेबल धीरज दीवान द्वारा बुधवार को बड़ागांव कटारिया थाना महरुआ निवासी अनिल सिंह पुत्र राम जियावन सिंह को विद्युत अधिनियम के तहत 2019 में दर्ज मुकदमे में वांक्षित होने के चलते गिरफ्तार किया गया बताते चलें कि आरोपी काफी दिनों से फरार चल रहा था जिसमें माननीय न्यायालय अंबेडकरनगर के आदेश पर महरुआ थाने की टीम द्वारा बुधवार को दर्ज मुकदमे में वंछित वारंटी अनिल सिंह को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## सपा ऑफिस के बाहर युवक ने खुद को आग लगाई

**लखनऊ।** लखनऊ में सपा ऑफिस के बाहर एक युवक ने खुद को आग लगाकर आत्मदाह की कोशिश की। वह जेब में पेट्रोल भरी बोतल लेकर आया था। सपा ऑफिस के बाहर ही उसने खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली। युवक के आग लगाते ही वहां भगदड़ मच गई। मौके पर मौजूद लोग दौड़ते हुए आए और आग बुझाने की कोशिश की। लेकिन, आग इतनी तेज थी कि बुझ नहीं पा रही थी। जैसे-तैसे कंबल डालकर आग बुझाई गई। तब तक युवक करीब 80 प्रतिशत तक झुलस गया था। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी घायल युवक को ई-रिक्शा से सिविल अस्पताल ले गए। वहां उसकी हालत गंभीर है। घटना सपा ऑफिस के बाहर बुधवार दोपहर करीब 3 बजे हुई। वहीं, अखिलेश यादव ने भी घटना को लेकर यूपी सरकार को घेरा है। वहीं, सिविल अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने कहा- युवक 80 प्रतिशत जला है। उसकी स्थिति नाजुक है। लगभग पूरा शरीर जल गया है। सीने और चेहरे का कुछ हिस्सा ही बचा है।

## भाजपा नेता के हत्यारोपी का सरेंडर

**प्रयागराज।** प्रयागराज में भाजपा नेता रणधीर यादव की हत्या का मुख्य आरोपी डॉ. उदय यादव ने जिला कोर्ट में सरेंडर कर दिया। बुधवार दोपहर वह वकील की ड्रेस में कोर्ट पहुंचा। सिर पर टोपी लगाई थी। यहां उसके वकील ने पहले से तैयारी कर रखी थी। वह भीड़ के बीच सीधे कोर्ट रूम में पहुंचा। जज ने उसे 14 दिन के लिए नैनी सेंट्रल जेल भेज दिया। उदय के सरेंडर की जानकारी मिलते ही कर्नलगंज थाने की पुलिस समेत क्राइम ब्रांच की टीम पहुंची और उसे जेल लेकर गई। उदय ने पत्नी से अफेयर पर भाजपा नेता की हत्या की थी। 22 दिन से पुलिस उदय तलाश में जुटी हुई थी। प्रयागराज समेत आसपास के जिलों में छापेमारी कर रही थी, लेकिन उदय हाथ नहीं आया। एसीपी सोरांव वरुण कुमार ने बताया- उदय की रिमांड के लिए पुलिस कोर्ट में अर्जी दाखिल करेगी।

# भूमाफिया टास्क फोर्स की बैठक में एसडीएम सख्त

## भूमाफियाओं के लिए एसडीएम भीटी का मास्टर प्लान रेडी

- सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाने और चिन्हांकन के निर्देश
- एंटी भूमाफियाओं पर कसा शिकंजा

**विशाल इंडिया पूनम तिवारी**





**अंबेडकर नगर।** जनपद अंबेडकर नगर के तहसील भीटी उपजिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बुधवार को एंटी भूमाफिया अभियान के तहत कड़ा तेवर अख्तियार किया इसके साथ उन्होंने क्षेत्राधिकारी भीटी लक्ष्मीकांत मिश्रा,प्रभारी निरीक्षक भीटी अमित कुमार पांडे,थाना अध्यक्ष महरुआ यादवेंद्र सोनकर,थाना अध्यक्ष अहिरौली अभिषेक त्रिपाठी,एडीओ पंचायत भीटी प्रभात सिंह,तहसीलदार भीटी राज कपूर,नायब तहसीलदार भीटी कौशलेंद्र मिश्र के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। एसडीएम भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने सरकारी संपत्तियों पर अवैध कब्जा की जांच के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अवैध कब्जों का चिन्हांकन कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।ग्राम सभा की सार्वजनिक चक रोड,नाली,तालाब जंगल ढांक और अन्य सरकारी भूमि से अवैध कब्जे तत्काल प्रभाव से हटाए जाएं।धारा 67 के तहत लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटने के निर्देश दिए,ग्राम सभा के मामलों में जुर्माना लगाकर वसूली करने को कहा गया इसके साथ ही एसडीएम भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि एंटी भूमाफिया पोर्टल में अतिक्रमण कर्ताओं और भू माफियाओं से मुक्त कराई गई भूमिका विवरण तहसील में दर्ज किया जाएगा। एसडीएम भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि कि तहसील भीटी में भू माफियाओं के कब्जे से सरकारी भूमि को मुक्त करने के लिए एंटी भू माफिया स्टाफ फोर्स का गठन किया गया था,जिसके फल स्वरुप एंटी भूमाफिया अभियान के तहत चिन्हित 25 ग्राम सभा से लगभग 05 बीघा ग्राम समाज की भूमि माफियाओं की अवैध कब्जे से मुक्त करा दी गई है,इसके लिए संबंधित ग्राम सभा के लेखपाल,राजस्व निरीक्षक और पुलिस कर्मियों को मिलाकर संयुक्त टीम बनाई गई थी।बैठक के समापन के समय उन्होंने दोबारा संबंधित सभी अधिकारियों के समक्ष सख्त लहजे में चेताया की सरकारी जमीन पर किसी का भी अवैध कब्जा मिलने पर कठोर से कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक

गौतमबुद्धनगर
गुरुवार 11 सितंबर 2025
Www.vishalindia.in

## संक्षिप्त समाचार

### संदिग्ध सामग्री की आशंका में खाली कराया गया लंदन का हीथ्रो एयरपोर्ट

**लंदन, एजेंसी।** लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट पर खतरनाक सामग्री होने की आशंका के मद्देनजर सोमवार को एक टर्मिनल को खाली करा दिया गया। हीथ्रो के प्रवक्ता ने बताया कि टर्मिनल-4 पर चेक-इन एरिया को बंद किया गया है। आपातकालीन सेवाओं के सक्रिय होने तक उसे खाली कराया गया है। अग्निशमन विभाग ने बताया कि एहतियात के तौर पर टर्मिनल को खाली कराया गया। यात्रियों से टर्मिनल तक नहीं आने का अनुरोध किया गया है। अन्य सभी टर्मिनल चालू थे।

### ब्रिटेन की नई गृह सचिव प्रवासन पर सख्त

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के नेतृत्व वाली सरकार में नई गृह मंत्री बनीं शबाना महमूद ने सोमवार को कड़ा रुख अपनाते का एलान किया। उन्होंने कहा कि जो देश अवैध प्रवासियों को वापस लेने से इनकार करेंगे, उनके लिए वीजा निलंबित किए जा सकते हैं। लंदन में आयोजित फाइव आइज बैठक (ब्रिटेन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, कनाडा) में देशों पर अपने नागरिकों को स्वीकारने का दायित्व सुनिश्चित करने पर सहमति बनी। महमूद ने कहा कि जिनका यूके में रहने का अधिकार नहीं है, उन्हें निर्वासित किया जाएगा। उन्होंने सीमा सुरक्षा को अपनी प्राथमिकता बताते हुए चेतावनी दी कि असहयोगी देशों के खिलाफ वीजा कटौती जैसे कदम उठाए जाएंगे।

### टिकटॉक पर आपत्तिजनक वीडियो डालने वाला युवक पाकिस्तान में गिरफ्तार

**क्वेटा, एजेंसी।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पुलिस ने टिकटॉक में आपत्तिजनक वीडियो साझा करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। संदिग्ध की पहचान अब्दुल मुगीज के रूप में हुई है। पुलिस के प्रवक्ता लिकायत अली ने बताया कि मुगीज महिलाओं के कपड़े पहनता था, तरह-तरह के भद्दे पोज और वीडियो बनाता था। इन गतिविधियों से स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश था। कई शिकायतें मिलने के बाद बामखेल पुलिस चौकी ने मुगीज के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### पाकिस्तान में पीटीआई ने 12 विधायकों को पार्टी से निकाला

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने गिलगित-बाल्टिस्तान के मुख्यमंत्री गुलबर खान और 11 अन्य विधायकों को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। इन पर अलग गुट बनाने का आरोप है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, पार्टी से निकाले गए लोगों में खान के अलावा अब्दुल हमीद, हाजी शाह बेग, मुश्ताक अहमद, सैयद अमजद अली जैदी, शमसुल हक लोन, दिलशाद बानो, राजा नासिर अली खान, सुरैया जमान, राजा आजम खान अमाचा और राजा फजल रहीम शामिल हैं।

### कोलंबिया में विद्रोहियों ने फिर किया 45 सैनिकों का अपहरण

**बोगोटा , एजेंसी।** दक्षिण-पश्चिमी कोलंबिया में एक विद्रोही समूह के प्रभाव वाले क्षेत्र में 600 लोगों ने मिलकर 45 सैनिकों का अपहरण कर लिया गया। ये सैनिक यहां प्रतिबंधित कोको के स्थान पर दूसरी फसल लगवाने का काम कर रहे थे। इससे पहले अगस्त में विद्रोहियों ने 33 सैनिकों का अपहरण किया था। सेना ने रविवार को एक बयान में कहा कि यह घटना काउका विभाग के मीके कैन्यन में हुई। यह क्षेत्र कोका पत्ती की फसलों के लिए जाना जाता है और वर्तमान में एक विद्रोही गुट का गढ़ है।

### पूर्व अमेरिकी सांसद जॉन बर्टन का 92 की उम्र में निधन

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अपने बेबाक अंदाज के लिए विख्यात पूर्व अमेरिकी सांसद जॉन बर्टन का रविवार को निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे। उनके परिजनों ने बताया कि बर्टन की सान फ्रांसिस्को में स्वाभाविक मौत हुई। डेमोक्रेट बर्टन ने मजदूर वर्ग के लिए आवाज उठाई और पूर्व अमेरिकी हाउस स्पीकर नैन्सी पेलोसी सहित कई लोगों का राजनीति में मार्गदर्शन किया।

### नॉर्वे में कड़े मुकाबले में जीती लेबर पार्टी, चार साल और सरकार का नेतृत्व करेंगे पीएम जोनास स्टोरे

**ओस्लो, एजेंसी।** नॉर्वे के आम चुनाव के नतीजे आ चुके हैं और सत्ताधारी लेबर पार्टी ने एक बार फिर जीत हासिल की है। हालांकि लेबर पार्टी को बेहद कड़े मुकाबले में जीत हासिल हुई। नॉर्वे के प्रधानमंत्री और लेबर पार्टी के नेता जोनास गार स्टोरे ने जीत का एलान किया। लेबर पार्टी ने टैक्स और जनकल्याणकारी नीतियों का डर दिखाकर मतदाताओं को अपने पक्ष में किया, आम चुनाव के दौरान मतदाताओं के रुझान ने भी बता दिया कि नॉर्वे में भी आने वाले समय में दक्षिणपंथी पार्टियां सत्ता पर काबिज हो सकती हैं।

# अफगानिस्तान में भीषण भूकंप से 49 गांवों में 5230 घर तबाह, 362 गांवों तक नहीं पहुंच सकी यूएन की मदद

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** अफगानिस्तान के पहाड़ी इलाकों में हाल ही में आए विनाशकारी भूकंप ने बड़े पैमाने पर तबाही मचाई है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक 49 गांवों में 5230 घर पूरी तरह नष्ट हो चुके हैं और 672 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। लेकिन 441 प्रभावित गांवों में से 362 गांवों तक अभी तक राहत और बचाव टीमें पहुंच ही नहीं पाई हैं।



**31 अगस्त को आया था विनाशकारी भूकंप :** बता दें कि, यह भूकंप 31 अगस्त को आया था, जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.0 मापी गई। अब तक कम से कम 2,200 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। अधिकारियों का कहना है कि जैसे-जैसे मलबे से शव निकाले जाएंगे, मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि इस आपदा से लगभग पांच लाख लोग प्रभावित हुए हैं, जिनमें आधे से अधिक बच्चे हैं। इनमें कई ऐसे शरणार्थी भी शामिल हैं जिन्हें हाल ही में पाकिस्तान और ईरान से जबरन वापस भेजा गया था।

**राहत कार्य में बड़ी मुश्किलें :** यूएन की अफगानिस्तान स्थित मानवीय सहायता प्रमुख शैनन ओहारा ने बताया कि पहाड़ी और दुर्गम इलाकों में सड़कें बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण राहत टीमों के लिए प्रभावित गांवों तक पहुंचना बेहद कठिन हो गया है। उन्होंने कहा कि जलगांवाबाद शहर से भूकंप के सबसे ज्यादा प्रभावित इलाके तक पहुंचने में उन्हें साढ़े छह घंटे का समय लगा, जबकि यह दूरी केवल 100 किमी है। रास्ता एक संकरी पहाड़ी सड़क है, जो कई जगहों पर भूस्खलन से गिरे बड़े पत्थरों से बंद हो चुकी है। इसी रास्ते से ही मानवीय सहायता से लदे ट्रक भी ऊपर-नीचे जा रहे हैं, जिससे जाम की स्थिति पैदा हो रही है।

**पैदल लौट रहे हैं घायल और भूकंप पीड़ित :** ओहारा ने बताया, जब हम भूकंप के केंद्र की ओर जा रहे थे, तभी हमें कई परिवार पैदल लौटते मिले। वे केवल वही सामान ले जा पा रहे थे, जो अपने हाथों में उठा सकते थे। कई लोग उसी रात के कपड़ों में थे, जब भूकंप आया था। मां-पिता अपने घायल बच्चों को गोद में लिए हुए थीं, जिनके शरीर पर ताजे पट्टे बंधे थे।

**पूरे गांव मिट गए, लाशों की बदबू फैली :** जैसे-जैसे राहत टीम केंद्र की तरफ बढ़ी, तबाही का मंजर और भयावह होता गया। कई गांव पूरी तरह मिट्टी में दब गए हैं। जगह-जगह मरे हुए जानवरों की सड़ती लाशों की बदबू फैली हुई है। जिन परिवारों के घर तबाह हो गए, वे भीड़भाड़ वाले टेंटों में रह रहे हैं, जबकि कई लोग खुले आसमान के नीचे रात गुजारने को मजबूर हैं। बारिश और ठंडी हवाएं उनकी परेशानी और बढ़ा रही हैं।

**पानी और स्वच्छता की गंभीर समस्या :** ओहारा ने चेतावनी दी कि स्थिति बेहद नाजुक है। पीने के लिए साफ पानी उपलब्ध नहीं है। स्वच्छता की कोई व्यवस्था नहीं है। शुरुआती आंकड़े बताते हैं कि 92% गांव खुले में शौच करते हैं। इस क्षेत्र में पहले से ही हैजा बीमारी आम है। ऐसे में महामारी फैलने का खतरा बहुत ज्यादा है। उन्होंने कहा कि प्रभावित लोगों को तुरंत साफ पानी, भोजन, टेंट, शौचालय और गर्म कपड़े चाहिए। सर्दियों की पहली बर्फबारी अक्तूबर के आखिर में शुरू हो जाएगी, जिसके बाद इन गांवों तक पहुंचना लगभग असंभव हो जाएगा। ओहारा ने कहा, अगर अभी तुरंत कदम नहीं उठाए गए, तो बरसात के कारण फ्लैश फ्लड आ सकते हैं, जो शिविरों को बहा ले जाएंगे। लगातार आफ्टरशॉक्स से भूस्खलन हो सकता है, जिससे राहत मार्ग पूरी तरह बंद हो जाएंगे। और अगर बर्फबारी शुरू हो गई, तो इन गांवों तक पहुंचना नामुमकिन हो जाएगा। अगर हम अभी नहीं चेते, तो ये लोग आने वाली सर्दी में जिंदा नहीं बच पाएंगे। संयुक्त राष्ट्र मंगलवार को एक आपातकालीन फंडिंग अपील जारी करेगा ताकि राहत कार्यों के लिए तुरंत पैसा इकट्ठा किया जा सके।

# रेप केस में ट्रंप को बहुत बड़ा झटका, 83 मिलियन डॉलर के हर्जाने का फैसला बरकरार



**वाशिंगटन, एजेंसी।** न्यूयॉर्क स्थित 2 यूएस सर्किट कोर्ट ऑफ अपील्स ने सोमवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा झटका दिया। अदालत ने ट्रंप की उस अपील को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने पत्रकार और लेखिका ई. जीन कैरोल को दिए गए 83.3 मिलियन डॉलर (करीब 693 करोड़ रुपये) के हर्जाने को रद्द करने की मांग की थी। 81 वर्षीय ई. जीन कैरोल इले मैगजीन की पूर्व कॉलमिस्ट रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया था कि 1990 के दशक में ट्रंप ने न्यूयॉर्क के एक डिपार्टमेंट स्टोर के ड्रेसिंग रूम में उनका रेप किया था। ट्रंप ने इन आरोपों को 2019 में नकार दिया था और एक रिपोर्टर से कहा था कि कैरोल मेरे टाइप की नहीं हैं और उन्होंने अपनी किताब बेचने के लिए यह कहानी गढ़ी है। तीन न्यायाधीशों की पीठ ने अपने आदेश में कहा, जूरी द्वारा दिए गए हर्जाने का फैसला इस मामले की असाधारण और गंभीर परिस्थितियों को देखते हुए उचित है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि ट्रंप इस मामले में राष्ट्रपति पद की इम्युनिटी (छूट) का दावा नहीं कर सकते। ट्रंप ने तर्क दिया कि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के 2024 के फैसले के अनुसार उन्हें व्यापक क्रिमिनल इम्युनिटी मिली है, जो सिविल मुकदमों पर भी लागू होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि 2019 में उनके बयान राष्ट्रपति के आधिकारिक कर्तव्यों का हिस्सा थे और यदि इस पर इम्युनिटी नहीं दी गई तो कार्यपालिका शाखा कमजोर हो जाएगी। लेकिन कोर्ट ने इन सभी दलीलों को खारिज कर दिया। मई 2023 में एक अन्य जूरी ने ट्रंप को 5 मिलियन डॉलर (लगभग 42 करोड़ रुपये) हर्जाना देने का आदेश दिया था। जून 2024 में 2ठ्ठस्र सर्किट कोर्ट ने उस फैसले को भी बरकरार रखा। जनवरी 2024 में आए 83.3 मिलियन डॉलर के फैसले में से 18.3 मिलियन डॉलर कैरोल की भावनात्मक और प्रतिष्ठा की क्षति के लिए तथा 65 मिलियन डॉलर दंडात्मक हर्जाने के रूप में शामिल थे। वाइट हाउस और ट्रंप के वकीलों ने इस फैसले पर फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। इसी साल जून में कैरोल ने अपनी नई किताबनाट माय टाइप वन वुमेन वर्सेस ए प्रसीडेंट प्रकाशित की, जिसमें उन्होंने ट्रंप के खिलाफ अपने कानूनी संघर्षों का विस्तार से वर्णन किया है।

# उत्तर कोरिया में नए आईसीबीएम रॉकेट इंजन का परीक्षण, किम जोंग उन भी रहे मौजूद

**सियोल, एजेंसी।** दुनियाभर के कई देशों मे चल रहे तनावपूर्ण माहौल के बीच उत्तर कोरिया से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने एक नए इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) इंजन के परीक्षण का निरीक्षण किया। यह इंजन ठोस ईंधन से चलता है और 1,971 किलोन्यूटन की ताकत पैदा करता है, जो पिछले मॉडलों से कहीं ज्यादा शक्तिशाली है। मामले में उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी केसीएनए के मुताबिक, यह इस इंजन का नौवां और अंतिम ग्राउंड टेस्ट था। इसे कार्बन फाइबर से बनाया गया है और इसका इस्तेमाल भविष्य के मिसाइल सिस्टम जैसे ह्वासोंग-20 में किया जाएगा। ये नया इंजन ठोस ईंधन से चलता है, जिसे छिपाना और तुरंत लॉन्च करना आसान होता है, जबकि पुराने मिसाइलें तरल ईंधन पर आधारित थीं, जिन्हें तैयार करने में ज्यादा वक्त लगता था। ऐसे में इस नए इंजन उत्तर कोरिया की मिसाइल तैयारी और प्रतिक्रिया क्षमता में तेजी आएगी। कुल मिलाकर उत्तर कोरिया पहले ही ऐसी मिसाइलें टेस्ट कर चुका है जो अमेरिका तक पहुंच सकती हैं, लेकिन अब किम मल्टी-वारहेड सिस्टम बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं, जिससे मिसाइल डिफेंस सिस्टम को चकमा देना आसान होगा। परीक्षण के बाद किम जोंग उन ने इसे आंखें खोल देने वाली प्रगति बताया। साथ ही कहा कि यह उत्तर कोरिया की परमाणु ताकत को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण बदलाव है। बता दें कि 2019 में अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता विफल होने के बाद से किम ने बार-बार मिसाइल परीक्षण कर अपनी सैन्य ताकत का प्रदर्शन किया है। ऐसे में विशेषज्ञों का मानना है कि किम का मकसद अमेरिका पर दबाव बनाना है ताकि उसे परमाणु शक्ति के रूप में मान्यता मिले और उसे आर्थिक व रणनीतिक छूट मिल सके। गौरतलब है कि किम जोंग उन हाल ही में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से भी मिले। उन्होंने रूस को यूक्रेन युद्ध में मदद के लिए सैनिक और सैन्य उपकरण भेजे हैं। बीजिंग यात्रा के दौरान किम ने द्वितीय विश्व युद्ध की 80वीं वर्षगांठ पर आयोजित सैन्य परेड में हिस्सा भी लिया।

# यूनुस सरकार ने लगाया दुर्गा पूजा मंडपों के आसपास मेलों पर प्रतिबंध

**ढाका, एजेंसी।** अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के सबसे बड़े धार्मिक उत्सव दुर्गा पूजा से पहले बांग्लादेश की यूनुस सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। गृह मामलों के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) मोहम्मद जहांगीर आलम चौधरी ने सोमवार को घोषणा करते हुए कहा कि इस बार देशभर के दुर्गा पूजा पंडालों के पास मेले लगाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने ये भी कहा कि इन मेलों में अक्सर नशीली दवाओं और शराब के सेवन जैसी असामाजिक गतिविधियां देखी जाती हैं।



सलाहकार ने कहा कि मेले के दौरान असामाजिक तत्व इकट्ठा होकर गांजा और शराब का सेवन करते हैं, जिससे शांति-व्यवस्था प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि इस बार मेले की अनुमति नहीं होगी। हालांकि, पूजा उत्सव समितियों की अनुमति से एक-दो दुकानें लगाई जा सकती हैं। उन्होंने बताया कि पूजा समितियों ने इस निर्णय पर कोई आपत्ति नहीं जताई है और उन्होंने विश्वास जताया है कि पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होगा। इस साल देशभर में हजारों दुर्गा पूजा पंडाल लगाए जाने की संभावना है। सुरक्षा व्यवस्था को और पुख्ता करने के लिए प्रशासन ने एक विशेष मोबाइल एप्लिकेशन भी तैयार किया है, जिसके जरिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ तुरंत संपर्क साधा जा सकेगा। गृह सलाहकार ने कहा कि सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि भक्तजन निर्भय होकर उत्सव में भाग ले सकें और किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके। उल्लेखनीय है कि दुर्गा पूजा बांग्लादेश में हिंदू समुदाय का सबसे बड़ा धार्मिक पर्व है, जिसमें लाखों लोग शामिल होते हैं। 33,000 मंडपों में होगी पूजा, सुरक्षा के कड़े इंतजाम गृह सलाहकार ने बताया कि इस साल देशभर में लगभग 33,000 पूजा मंडप स्थापित किए जाएंगे। उत्सव के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी मंडपों पर 24 घंटे निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए पर्याप्त संख्या में अंसार बल तैनात किए जाएंगे, जबकि सीमावर्ती क्षेत्रों में मंडपों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सीमा सुरक्षा बल (बीजीबी) को सौंपी गई है। इसके अलावा, पुलिस, रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी), और सशस्त्र बल भी शांतिपूर्ण उत्सव सुनिश्चित करने में सहयोग करेंगे। चौधरी ने आयोजकों को प्रत्येक मंडप पर दिन में तीन और रात में चार व्यक्तियों को तैनात करने का निर्देश दिया है ताकि 24 घंटे निगरानी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने और अफवाहों पर नियंत्रण के लिए एक विशेष मोबाइल एप्लिकेशन विकसित किया गया है, जिसके माध्यम से त्वरित कार्रवाई की जा सकेगी। मूर्ति विसर्जन के लिए सख्त नियम मूर्ति विसर्जन की प्रक्रिया को व्यवस्थित करने के लिए गृह सलाहकार ने निर्देश दिया कि मूर्तियों का विसर्जन एक-एक करके और कतारबद्ध तरीके से किया जाए।

# ये हमारी राजधानी पर भयानक आतंकी हमला, यरुशलम गोलीबारी पर इस्राइल की कड़ी प्रतिक्रिया

**तेल अवीव, एजेंसी।** इस्राइल ने यरुशलम गोलीबारी की निंदा करते हुए, इसे अपनी राजधानी पर भयावह आतंकी हमला करार दिया। इस्राइली सरकार के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि ऐसी घटनाएं उनके देश में पहले हुए अत्याचारों की याद दिलाती हैं। दो फलस्तीनी हमलावरों ने सोमवार को यरुशलम के एक व्यस्त चौराहे पर गोलीबारी की, जिसमें छह इस्राइली नागरिकों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हैं। हमले के तुरंत बाद ही दोनों हमलावरों को ढेर कर दिया गया।

यरुशलम में हुआ हमला एक चेतावनी इस्राइल के वित्त मंत्रालय में महालेखाकार याली रोथेनबर्ग ने कहा, जहां गोलीबारी हुई, मैं उस बस स्टॉप को जानता हूं, और मेरे एक कर्मचारी की मां उस हमले में मारी गई हैं। याली रोथेनबर्ग इस समय भारत के दौरे पर हैं। उन्होंने कहा कि यह हम सभी के लिए एक चेतावनी है कि हम उन चरमपंथियों से बचें, जो ये अमानवीय कृत्य करते हैं, जो हमारी हर चीज का विरोध करते हैं। इस्राइल में और भारत में भी, हम इस तरह के रिश्ते में भागीदार हैं। जब हम इन चीजों को देखते हैं, तो हमें इस्राइल में हाल ही में और लगभग दो साल पहले हुए अत्याचारों की याद आती है। मानवता की भलाई के लिए, हमारा इससे लड़ने का आह्वान है। रोथेनबर्ग वर्तमान में इस्राइली वित्त मंत्री बेजेल स्मोट्रिच के नेतृत्व में एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल होकर भारत का दौरा कर रहे हैं। भारत और इस्राइल के बीच पारस्परिक निवेश और आर्थिक सहयोग बढ़ाने को लेकर समझौता हुआ है। इस्राइल के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा, यह वह बुराई है जिसका इस्राइल सामना कर रहा है। दो आतंकवादियों ने यरुशलम में एक बस पर गोलीबारी की, यात्रियों, राहगीरों और पहुंच में आने वाले लोगों को निशाना बनाया। हमले में छह लोग मारे गए। एक दर्जन से ज्यादा घायल हुए। इस्राइल जो युद्ध लड़ रहा है वह उन सभी के लिए है जो आतंक के खिलाफ खड़े हैं।

इस्राइली विदेश मंत्री बोले- दुनिया के देश फैसला करें कि आप इस्राइल के साथ या जिहादियों के साथ इस्राइल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने यरुशलम हमले को लेकर कहा कि हम कट्टरपंथी इस्लामी आतंकवाद के खिलाफ युद्ध में हैं। यूरोप, अंतरराष्ट्रीय समुदाय के हर देश को फैसला करना होगा कि क्या वे इस्राइल के साथ हैं या फिर जिहादियों के साथ? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस्राइल में हुए आतंकी हमले की निंदा की और कहा कि भारत आतंकवाद के प्रति अपनी शून्य सहनशीलता की नीति पर अडिग है। प्रधानमंत्री ने इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को टैग करते हुए एक्स पर कहा, भारत आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की निंदा करता है और आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता की अपनी नीति पर दृढ़ है।

# ब्रिटिश सांसद ने कहा- बलात्कारी पाकिस्तानियों को बाहर निकालो



**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में इन दिनों पाकिस्तानी मूल के बलात्कारियों और अपराधियों को लेकर तीखी बहस देखने को मिल रही है। एक सांसद ने ब्रिटिश सरकार से मांग करते हुए कहा है कि सभी पाकिस्तानी अपराधियों को देश से बाहर निकाला जाना चाहिए। ग्रेट यारमाउथ से सांसद रूपर्ट लोव ने कहा है कि किसी भी पाकिस्तानी को वीजा नहीं देना चाहिए। रूपर्ट ने पिछले लंबे समय से ब्रिटेन में आने वाले पाकिस्तानी मूल के लोगों के खिलाफ अभियान छेड़ा हुआ है।

उन्होंने हाल ही में एक जांच रिपोर्ट शेयर की थी जिससे ब्रिटेन में सनसनी फैल गई। सांसद ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि देशभर में ऐसे 85 इलाके हैं, जहां पाकिस्तानी बलात्कारियों का गैंग सक्रिय है और भोली-भाली बच्चियों को शिकार बनाता रहा है। निर्दलीय सांसद रूपर्ट लोव द्वारा की गई इस जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि इन बलात्कार गिरोह में मुख्यतः पाकिस्तानी मूल के पुरुष शामिल हैं और ये घिनौनी हरकतों को अंजाम देने में दशकों से सक्रिय हैं। दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क ने भी रूपर्ट लोव की जांच का समर्थन करते हुए ब्रिटिश सरकार पर निशाना साधा था।

पाकिस्तानियों पर क्या बोले रुपर्ट लोव? रुपर्ट लोव ब्रिटेन की संसद में एक प्रभावशाली आवाज हैं। अब उन्होंने सोमवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अगर सरकार अपनी निर्वासन की धमकियों को गंभीरता से ले रही है, तो पाकिस्तान से शुरूआत करें। जब तक वे निर्वासित बलात्कारी/अपराधी को स्वीकार नहीं कर लेते, तब तक पाकिस्तान को एक भी वीजा जारी न करें। इसके साथ ही, पाकिस्तान को भेजी जाने वाली विदेशी सहायता की पाई-पाई को बंद करें। यह बहुत मुश्किल काम नहीं है। इस बयान का संदर्भ ब्रिटेन की नई गृह मंत्री शबाना महमूद की हालिया घोषणा से जुड़ा है। दरअसल शबाना महमूद खुद पाकिस्तानी मूल की मुस्लिम सांसद हैं और कुछ दिन पहले ही उन्हें ब्रिटेन का नया गृह मंत्री नियुक्त किया गया है। उन्होंने हाल ही में कहा था कि वे उन देशों के खिलाफ वीजा निलंबन जैसे सख्त कदम उठाएंगी, जो अपने अवैध और अपराधी नागरिकों को वापस लेने से इनकार करते हैं। इसके अलावा, सांसद ने ब्रिटेन में हलाल मीट पर भी बैन लगाने की मांग की है। उन्होंने इसे एक राष्ट्रीय घोटाला बताया। उन्होंने कहा कि रिस्टोर ब्रिटेन को ऐसी रिपोर्टें मिल रही हैं।

# घटती आबादी से चिंतित ग्रीस के प्रधानमंत्री का ऐलान- 4 बच्चे हैं तो नहीं लगेगा टैक्स, 1.6 अरब यूरो का राहत पैकेज

**एथेंस, एजेंसी।** दक्षिण-पूर्वी यूरोपीय देश ग्रीस ने घटती आबादी से परेशान होकर जनसंख्या बढ़ाने के मकसद से 1.6 अरब यूरो के पैकेज का ऐलान किया है। इस पैकेज में सरकार ने अधिक बच्चे पैदा करने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए टैक्स में छूट देने के अलावा अन्य उपायों की भी घोषणा की है। ग्रीस के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोताकिस ने रविवार को नई नीतियों की घोषणा करते हुए कहा कि 1.6 अरब यूरो (16,563 करोड़ रुपये) का राहत पैकेज देश की मौजूद सबसे बड़ी चुनौती यानी घटती जनसंख्या से निपटने के लिए तैयार किया गया है।



जनसंख्या आंकड़ों के हिसाब से भूमध्यसागरीय देश ग्रीस यूरोप का सबसे बूढ़ा देश बनने की कगार पर है। लिहाजा, वहां की सरकार ने आबादी बढ़ाने के मकसद से नए उपायों की घोषणा की है। नए नियमों में कहा गया है कि अगर किसी परिवार में चार बच्चे हैं तो उसे टैक्स के दायरे से बाहर रखा जाएगा। यानी उस परिवार को टैक्स नहीं देना होगा। नए नियम 2026 से लागू होंगे। नई नीति में कहा गया है कि जिन बस्तियों में आबादी 1500 से कम है, वहां के लोगों को अन्य टैक्स से भी छूट दी जाएगी और इससे होने वाले घाटे को राजकोष से पूरा किया जाएगा।

**अधिक बच्चे पैदा करने वालों को पुरस्कार :** द गार्डियन के मुताबिक प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोटाकिस ने नीतियों की घोषणा के बाद कहा, हम जानते हैं कि अगर आपका कोई बच्चा नहीं है तो जीवनयापन की लागत एक बात है और अगर आपके दो या तीन बच्चे हैं तो दूसरी बात है। इसलिए, एक देश के रूप में हमें अपने उन नागरिकों को पुरस्कृत करने का कोई तरीका खोजना चाहिए जो अधिक बच्चे पैदा करने का विकल्प चुनते हैं।

इसके साथ ही मित्सोटाकिस ने कहा कि नए उपाय के तहत सभी वर्गों को दो फीसदी कर कटौती का लाभ दिया जाएगा लेकिन जिनके पास चार बच्चे हैं और कम आय वाले परिवार हैं तो उन्हें जीरो टैक्स नीति का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि नए कर लाभ 2026 में लागू किए जाएंगे। उन्होंने इस पैकेज को ग्रीस में 50 से अधिक वर्षों में लागू किया गया सबसे साहसिक कर सुधार बताया है। ये नीतियाँ जनसंख्या समस्या से निपटने के लिए दक्षिणपंथी सरकार द्वारा की गई अन्य पहलों पर आधारित हैं। ग्रीस में प्रजनन दर यूरोप में सबसे कम दरअसल, पर्यटन की दृष्टि से खूबसूरत ग्रीस में प्रजनन दर यूरोप में सबसे कम है। वहां प्रति महिला 1.4 बच्चों का प्रजनन दर है जो औसत प्रजनन दर 2.1 से काफ़ी नीचे है। प्रधानमंत्री मित्सोताकिस ने इस समस्या को राष्ट्रीय ख़तरा बताया है। यूरोस्टेट के अनुसार, ग्रीस की जनसंख्या वर्तमान 1.02 करोड़ है जो 2050 तक घटकर 80 लाख से भी कम हो जाएगी। इनमें भी 36% आबादी 65 वर्ष से अधिक आयु की होगी। जनसंख्या में भारी गिरावट की बात को स्वीकार करते हुए वहां के वित्त मंत्री किरियाकोस पियराकाकिस ने कहा कि यह उनके अस्तित्व पर एक बड़ा खतरा है।

आर्थिक संकट से बिगड़े हालात उन्होंने कहा कि 15 साल पहले देश में आर्थिक संकट शुरू होने के बाद से प्रजनन दर आधी हो गई है।उन्होंने कहा कि हमारी नई टैक्स नीति और अन्य नीतिगत सुधार इस समस्या से निपटने में मदद करेंगे।

# नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा टी20 विश्व कप 2026 का फाइनल, पाकिस्तान कर सकता है खेल खराब

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में 2026 का पुरुष टी20 विश्व कप 7 फरवरी से 8 मार्च के बीच खेला जाएगा। भारत अपना खिताब बरकरार रखने की कोशिश करेगा जिसने पिछली बार 2024 में बारबाडोस में हुए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर यह खिताब जीता था। इस टूर्नामेंट में 20 टीमें भाग लेंगी और 55 मैच खेले जाएंगे। मैच भारत में 5 और श्रीलंका में दो स्थानों पर खेले जाएंगे तथा फाइनल अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। हालांकि पाकिस्तान फाइनल के लिए क्वालीफाई कर जाता है, तो यह मैच कोलंबो में होगा।

BCCI टी20 विश्व कप 2026 की मेजबानी करेगा। हालांकि इस साल की शुरुआत में BCCI और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) के बीच एक समझौता हुआ था कि वे दोनों सरकारों के बीच लंबे समय से चल रहे भू-राजनीतिक तनाव के कारण एक-दूसरे के देशों में नहीं खेलेंगे जिसके बाद श्रीलंका को पाकिस्तान के सभी मैचों के आयोजन के लिए सह-मेजबान चुना गया।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि ICC ने अभी तक कार्यक्रम तय नहीं किया है, लेकिन टूर्नामेंट के लिए समय निश्चित रूप से तय कर लिया गया है और सभी भाग लेने वाले देशों को इसकी जानकारी दे दी गई है। फिलहाल अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप के लिए केवल 15 टीमें ही क्वालीफाई कर पाई हैं, जिनमें भारत, श्रीलंका, अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका, वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा, नीदरलैंड और पहली बार इटली भी शामिल हैं। शेष पांच स्थानों में से दो अफ्रीका क्षेत्रीय क्वालीफायर से और तीन एशिया और पूर्वी एशिया प्रशांत क्वालीफायर से निकलेंगे।




## एशिया कप में उमरजई की तूफानी पारी ने अफगानिस्तान को दिलाई जीत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राशिद खान की अगुवाई वाली अफगानिस्तान टीम ने एशिया कप 2025 का आगाज धमाकेदार जीत से किया। हॉन्ग कॉन्ग के खिलाफ हुए पहले मुकाबले में टीम ने 94 रनों से बड़ी जीत हासिल की। यह अफगानिस्तान की एशिया कप में सबसे बड़ी और टूर्नामेंट की रनों के मामले में तीसरी सबसे बड़ी जीत है। अफगानिस्तान ने पहले बैटिंग करते हुए अजमतुल्लाह उमरजई के तूफानी पारी के दम पर 20 ओवर में 188 रन बनाए, इसके जवाब में हॉन्ग कॉन्ग की टीम 9 विकेट के नुकसान पर 94 रन ही बना सकी। राशिद खान ने जीत का क्रेडिट उमजई को दिया और मैच के बाद बताया कि क्यों मुजीब उर रहमान जैसे गेंदबाज को उन्होंने प्लेइंग इलेवन से बाहर रखा।

राशिद ने मैच के बाद कहा कि टीम ने शानदार खेला। शुरुआत में विकेट लेना हमारे लिए अहम था। पिछली सीरीज में भी यही समस्या थी। यही एक क्षेत्र है जिसमें हमें सुधार करना है। डेथ ओवरों में बल्लेबाजी शानदार रही। खासकर उमरजई। हमारे पास अच्छे स्पिनर हैं। इससे विपक्षी टीम पर दबाव बनता है। जब आप रन बनाते हैं, तो बल्लेबाज जोखिम उठाते हैं और हमारे पास विकेट लेने का मौका होता है। हम लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छा रिकॉर्ड बनाने की कोशिश करेंगे।

प्लेइंग इलेवन क्या होगी, यह देखना मुश्किल था। मुजीब को बाहर रखना एक मुश्किल फैसला था। आप कभी-कभी कॉम्बिनेशन की तलाश में रहते हैं। अच्छी बात यह है कि मेरे पास विकल्प है और इससे मेरे लिए काम आसान हो जाता है। अफगानिस्तान का इस जीत से नेट रन रेट +4.700 का हो गया है, जो उन्हें अगले राउंड में पहुंचाने में मदद करेगा। उनका अगला मैच 16 सितंबर को बांग्लादेश से होगा।

## एसए20 नीलामी: ब्रेविस 8.3 करोड़ में बिके, आईपीएल से कई गुना ज्यादा लगी बोली

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस अब बेबी एबी नहीं रहे। वे अंतरराष्ट्रीय और फ्रैंचाइजी क्रिकेट में अपना नाम रोशन कर रहे हैं। एबी का जलवा अब भी बरकरार है, लेकिन अब ब्रेविस को यकीन है जिसने उन्हें क्षमता का एहसास कराया, वे भी उनकी तरह जलवा बिखेर सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया में अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर ब्रेविस पर मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका टी20 की नीलामी में रिकॉर्ड तोड़ बोली लगी। ब्रेविस के लिए प्रिटोरिया कैपिटल्स में सौरव गांगुली और जोसबर्ग सुपर किंग्स में स्टीफन फ्लेमिंग जैसे चिर परिचित प्रतिद्वंदी नीलामी के मैदान में थे। आखिर में सुपर किंग्स को अपने इस अद्भुत खिलाड़ी को छोड़ना पड़ा क्योंकि ब्रेविस को 15.1 मिलियन रैंड यानी 8.3 करोड़ रुपए में खरीदा गया। जो आईपीएल 2025 में उनके रिप्लेसमेंट खिलाड़ी के रूप में उनकी कीमत से करीब चार गुना ज्यादा है। एसए20 नीलामी में बड़ी खरीदारी में दूसरे स्थान पर दक्षिण अफ्रीका के टी20 कप्तान हैं। सनराइजर्स ईस्टर्न केप के साथ दो बार दक्षिण अफ्रीका 20 लीग जीतने वाले मार्करम की सेवाएं डरबन सुपर जायंट्स ने 14 मिलियन रैंड यानी 7.04 करोड़ रुपए में हासिल कीं। दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट तिहरे शतकवीर वियान मुल्डर को सुपर किंग्स ने 9 मिलियन रैंड यानी 4.53 करोड़ रुपए में खरीदा। तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर गेराल्ड कोएत्जी सुपर जायंट्स के लिए 7.4 मिलियन रैंड यानी 3.72 करोड़ रुपए में खेलेंगे. बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नंद्रे बर्गर को सुपर किंग्स ने 6.3 मिलियन रैंड यानी 3.17 करोड़ रुपए में खरीदने से पहले बोली लगाने की एक छोटी सी होड़ शुरू कर दी। विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू ब्रीट्जके जिन्होंने हाल ही में वनडे रिकॉर्ड तोड़े हैं उन्हें सनराइजर्स ने 6.1 मिलियन रैंड यानी 3.07 करोड़ रुपए में खरीदा। अनुभवी बल्लेबाज रस्सी वैन डेर डूसन को मुंबई इंडियंस केप टाउन ने 5.2 मिलियन रैंड यानी 2.62 करोड़ में खरीदा। तेज गेंदबाज ओटनील बार्टमैन 5.1 मिलियन रैंड यानी 2.57 करोड़ में पार्ल रॉयल्स के लिए खेलेंगे। जबकि एनरिक नोर्टजे को सनराइजर्स के लिए खेलने के लिए 5 मिलियन रैंड यानी 2.51 करोड़ रुपए मिले हैं।



## दाएं और बाएं बल्लेबाजों के संयोजन में फंसे अय्यर इसलिए हुए टीम से बाहर

**–पूर्व लेग स्पिनर अमित ने कहा– आने वाले समय में वह फिर करेंगे वापसी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** श्रेयस अय्यर को भारत की एशिया कप टीम से बाहर करने का फैसला मध्य क्रम में दाएं और बाएं बल्लेबाजों का संयोजन बनाए रखने की रणनीतिक चाल के कारण हुआ। यह कहना है पूर्व लेग स्पिनर अमित मिश्रा का। 2024 के लिए बीसीसीआई की केंद्रीय अनुबंध सूची से बाहर होने के बाद से श्रेयस ने मैदान पर शानदार प्रदर्शन किया है। अपनी शानदार फॉर्म के दम पर उन्होंने पंजाब किंग्स को आईपीएल 2025 के फाइनल में पहुंचाया, जो पिछले एक दशक में फ्रैंचाइजी का पहला फाइनल था।

इस शानदार लीग में 50 से ज्यादा की औसत से 604 रन बनाने के बाद श्रेयस ने 15 सदस्यीय टीम में जगह बनाने के लिए खुद को एक मजबूत दावेदार बना लिया था। उन्हें भारतीय टीम से और यहां तक कि यात्रा करने वाले रिजर्व खिलाड़ियों में भी नहीं रखा गया, जिससे प्रशंसकों और पूर्व क्रिकेटरों में नाराजगी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पूर्व क्रिकेटरों और प्रशंसकों ने प्रबंधन के चयन पर सवाल उठाए हैं, वहीं अमित मिश्रा ने एक ऐसी रणनीतिक रूपरेखा की पहचान की जिसने अय्यर को टीम में शामिल करने के खिलाफ काम किया।



मिश्रा के मुताबिक अय्यर तीसरे या चौथे नंबर पर खेलते हैं इसलिए बाएं-दाएं संयोजन बनाए रखने की चाहत अय्यर के खिलाफ गई। मिश्रा ने कहा कि श्रेयस तीसरे या चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं, टीम प्रबंधन ने सोचा होगा कि बाएं और दाएं हाथ के बल्लेबाजों का संयोजन बेहतर होता। एशिया कप एक लंबा टूर्नामेंट है। मुझे लगता है कि श्रेयस बाएं-दाएं हाथ के बल्लेबाजों के संयोजन में फंस गए। इस बहुप्रतीक्षित टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद भी अमित मिश्रा भविष्य में अय्यर की वापसी को लेकर 100 फीसदी आश्वस्त हैं। मिश्रा का मानना ??है कि ऐसी कई सीरीज हैं जहां अय्यर अपनी क्षमता साबित कर सकते हैं और टीम में अपनी जगह वापस पा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कई सीरीज हैं। उनके पास काफी समय है। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि वह अपनी खराब फॉर्म की वजह से टीम से बाहर हैं। नए खिलाड़ियों को मौके चाहिए। मुझे लगता है कि वह भविष्य में वापसी करेंगे और टीम में अपनी जगह पक्की कर लेंगे।

## कमिंस, स्टार्क और मेरा अभी संन्यास का इरादा नहीं : हेजलवुड

सिडनी । ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने कहा है कि अभी उनका ,पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क का करियर काफी समय तक चलेगा और कोई भी संन्यास के बारे में विचार नहीं कर रहा। इसलिए ये कहना कि एशेज सीरीज में उनकी, पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क की तिकड़ी अंतिम बार उतरेगी कहना सही नहीं होगा। उन्होंने कहा कि हम तीनों में ही अभी काफी क्रिकेट बची हुई है और वह कम से कम दो साल और खेलेंगे। अभी हम तीनों की उम्र 35 साल के आसपास है। कमिंस ने कमर में खिंचाव है। वहीं स्टार्क ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। जिसके कारण माना जा रहा है कि ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजी इतिहास के एक युग का अंत निकट है। हेजलवुड स्वयं चोटों से जूझ रहे हैं पर उन्होंने स्पष्ट किया कि तीनों गेंदबाजों में से कोई भी अभी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बारे में नहीं सोच रहा है। हेजलवुड के हवाले से कहा, 'मुझे नहीं लगता कि हम अभी कुछ कहने की स्थिति में हैं। हर कोई टेस्ट क्रिकेट को पसंद करता है और अगले दो वर्ष में काफी टेस्ट मैच खेले जाने हैं जिसमें हम अपनी भूमिका निभाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'अभी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का एक और चक्र होना बाकी है। इसलिए केवल एशेज ही नहीं टेस्ट क्रिकेट में अगले दो साल में काफी रोमांचक मैच होने वाले हैं और मुझे लगता है कि हर तीनों ही इनका हिस्सा बनना चाहता है।



## रवि बिश्नोई और अर्शदीप सिंह की आईसीसी टी20आई गेंदबाजी रैंकिंग में सुधार

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय स्पिनर रवि बिश्नोई और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह बुधवार को जारी नवीनतम आईसीसी टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में क्रमश- छठे और 10वें स्थान पर पहुंच गए। वरुण चक्रवर्ती चौथे स्थान के साथ भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले गेंदबाज बने हुए हैं जबकि बिश्नोई, अर्शदीप और अक्षर पटेल एक-एक स्थान के फायदे के साथ क्रमश- छठे, 10वें और 13वें स्थान पर हैं। बल्लेबाजी रैंकिंग में अभिषेक शर्मा 829 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष पर बरकरार हैं जबकि तिलक वर्मा दूसरे और कप्तान सूर्यकुमार यादव छठे पायदान पर हैं। एशिया कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे यशस्वी जायसवाल एक स्थान के नुकसान से 11वें स्थान पर हैं। वह एशिया कप के लिए पांच रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल हैं। रुतुराज गायकवाड़ और संजू सैमसन दोनों एक-एक स्थान के फायदे से 26वें और 34वें स्थान पर हैं। ऑलराउंडर की सूची में हार्दिक पंड्या 252 रेटिंग अंक के साथ नंबर एक ऑलराउंडर बने हुए हैं। यूएई, अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच त्रिकोणीय श्रृंखला की समाप्ति के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग जारी की गई है। पाकिस्तान ने फाइनल में अफगानिस्तान को 75 रन से हराकर त्रिकोणीय श्रृंखला जीती। एकदिवसीय रैंकिंग में भारतीय बल्लेबाजों में शुभमन गिल नंबर एक पर बरकरार हैं। कप्तान रोहित शर्मा (दूसरे), विराट कोहली (चौथे) और श्रेयस अय्यर (आठवें) की रैंकिंग में भी कोई बदलाव नहीं आया है। एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में भारत के कुलदीप यादव एक स्थान के नुकसान से चौथे जबकि रविंद्र जडेजा दो स्थान के नुकसान से 10वें स्थान पर हैं। मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज भी दो-दो स्थान के नुकसान से क्रमश- 14वें और 15वें स्थान पर हैं।



## हार्दिक पांड्या की लग्जरी घड़ी चर्चा में, एशिया कप की प्राइज मनी से भी ज्यादा है कीमत



स्पोर्ट्स डेस्क। भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने एशिया कप 2025 से पहले हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींचा। ट्रेनिंग सेशन के दौरान नए हेयरस्टाइल और उनकी घड़ी की वजह से उनकी खूब चर्चा हो रही है। एशिया कप 2025 से पहले हार्दिक पांड्या ने अपने बालों को ग्रे शेड में कराया है। हार्दिक को प्रैक्टिस सेशन के दौरान रिचर्ड मिल आरए 27-04 घड़ी पहने देखा गया। इस घड़ी का वजन 30 ग्राम के करीब है। जिसकी कीमत 20 करोड़ रुपये के करीब हैं जो एशिया कप की प्राइज मनी से लगभग 8 गुना ज्यादा है।। ये घड़ी खासतौर पर टेनिस लीजेंड राफेल नाडल के लिए बनाई जाती हैं इसलिए इसे राफेल नडाल एडिशन भी कहते हैं। एशिया कप जीतने वाली टीम को करीब 2.6 करोड़ रुपये की इनाम राशि मिलेगी। एशिया कप 2025 का आगाज 9 सितंबर से अबूधाबी में हो चुका है। जहां अफगानिस्तान ने अबू धाबी के शेख जायेद स्टेडियम में हांगकांग को 94 रनों से हरा दिया। टूर्नामेंट के दूसरे मुकाबले में 10 सितंबर को भारतीय टीम अपने अभियान का आगाज करेगी जिसमें दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में उनका सामना यूएई से होगा। गौर है कि भारत का एशिया कप 2025 में पहला मैच 10 सितंबर को दुबई में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ होगा जिसके बाद 14 सितंबर को दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान के साथ बहुप्रतीक्षित मुकाबला होगा। वहीं अबू धाबी में ओमान के खिलाफ 19 सितंबर को भारत अपने ग्रुप चरण का आखिरी मैच खेलेगा। आठ बार एशिया कप की ट्रॉफी जीतकर भारत टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे सफल टीम है।

## विश्व चैंपियनशिप: भारतीय पुरुष रिकर्व तीरंदाज व्यक्तिगत वर्ग में पदक की दौड़ से बाहर

**ग्वांगजू (दक्षिण कोरिया) (एजेंसी)।** भारतीय पुरुष रिकर्व तीरंदाजों का विश्व चैंपियनशिप में निराशाजनक प्रदर्शन बुधवार को भी जारी रहा और उसके सभी तीरंदाज व्यक्तिगत वर्ग के पदक चरण में जगह बनाने में असफल रहे।

भारत के तीनों खिलाड़ियों में राहुल ने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने तीसरे राउंड (अंतिम-32) में जगह बनाई, लेकिन शूट-ऑफ में जॉर्जिया के एलेक्जेंडर माचावरियानी से 5-6 (8-10) से हार गए। इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने 5-3 की बढ़त बना ली थी लेकिन अंतिम दो सेटों में वह लड़खड़ा गए जिससे एक बार फिर रिकर्व वर्ग में दबाव में भारत की मानसिक कमजोरियां उजागर हो गई।

पहला सेट 28-28 से बराबर करने के बाद राहुल ने दूसरे सेट में 30-30 का शानदार स्कोर बनाया और तीसरे सेट में 28-27 से जीत हासिल कर 5-1 की बढ़त बना ली। चौथे राउंड में उन्हें केवल ड्रॉ की आवश्यकता थी, लेकिन वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए जिससे उनके विरोधी खिलाड़ी को वापसी करने का मौका मिल गया।

जॉर्जियाई खिलाड़ी ने पांचवां सेट 28-27 से जीतकर शूट-ऑफ कराया जहां राहुल ने आठ अंक हासिल किए जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी का स्कोर परफेक्ट 10 था।

तीनों में सबसे अनुभवी ओलंपियन धीरज बोम्मादेवरा को सबसे कठिन ड्रॉ मिला क्योंकि पहले दौर में उनका मुकाबला पूर्व ओलंपिक चैंपियन मेटे गाजोज से हुआ। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी को पहला सेट 29-29 से बराबर करने के बाद 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। दूसरे सेट में कड़ी टक्कर हुई लेकिन गाजोज के दो 10 ने उन्हें 29-28 की बढ़त दिला दी।

तुर्किए के तीरंदाज ने तीसरे सेट में 29-28 के साथ अपनी बढ़त 5-2 कर ली। धीरज ने चौथा सेट 29-29 से बराबर किया लेकिन यह गाजोज को जीत से रोकने के लिए पर्याप्त नहीं था।

भारत के एक अन्य खिलाड़ी नीरज चौहान को उज्बेकिस्तान के बोबराजाबोव बेकजोद से सीधे सेटों में 27-29, 27-28, 26-29 से हार का सामना करना पड़ा।



## इंग्लैंड ने सर्बिया को 5-0 से हराया, फ्रांस और पुर्तगाल उलटफेर से बचे



लंदन - किलियन एम्बाप्पे ने फ्रांस को संकट से बाहर निकाला, क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने रिकॉर्ड गोल करके पुर्तगाल को हार से बचाया जबकि इंग्लैंड ने बड़ी जीत हासिल करके फुटबॉल विश्व कप के यूरोपीय क्वालीफाइंग में अपना विजय अभियान जारी रखा। यूरोप की इन तीन फुटबॉल महाशक्तियों ने इस तरह से 2026 में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने की तरफ मजबूर कदम बढ़ाए जबकि एर्लिंग हैलैंड ने चेहरे पर टांके लगे होने के बावजूद नार्वे की 11-1 से बड़ी जीत में पांच गोल किए। नोनी मडुके, एज्री कोंसा और मार्क गुएही ने गोल किए, जिससे इंग्लैंड ने सर्बिया को 5-0 से हराकर बड़ी जीत हासिल की। फ्रांस ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए एमबाप्पे के गोल और एक अन्य गोल करने में मदद की बदौलत आइसलैंड को 2-1 से हराया। जोआओ कैंसेलो ने 86वें मिनट में विजयी गोल करके पुर्तगाल को हंगरी पर 3-2 से जीत दिलाई। रोनाल्डो ने इस मैच में पेनल्टी पर गोल किया जो विश्व कप क्वालीफाइंग में उनका 39वां गोल था, जिससे उन्होंने ग्वाटेमाला के कार्लोस रुइज़ के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। बस के दरवाजे से हुई दुर्घटना के बाद चेहरे पर टांके लगे होने के बावजूद हैलैंड ने पहले हाफ में हैट्रिक सहित पांच गोल दागे, जिससे नॉर्वे ने मोल्दोवा को 11-1 से करारी शिकस्त दी।

## जोफ्रा आर्चर ने लगाई लम्बी छलांग, आईसीसीस रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंचे

**दुबई (एजेंसी)।** इंग्लैंड के स्टार गेंदबाज जोफ्रा आर्चर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हारी हुई श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के बाद आईसीसी पुरुष एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में 16 पायदान की छलांग लगाकर करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) की ताजा अपडेट के अनुसार आर्चर ने दूसरे और तीसरे मैच में लगातार 62 रन देकर चार और 18 रन देकर चार विकेट लिए, जिसकी बदौलत उन्हें 16 पायदान का उछाल मिला। तीसरे मैच में इंग्लैंड ने साउथम्प्टन में रिकॉर्ड 342 रनों से जीत दर्ज करके ऐतिहासिक जीत हासिल की थी। इससे पहले 2020 में आर्चर गेंदबाजी में रैंकिंग में सर्वोच्च आठवें स्थान पर पहुंचे थे। आदिल राशिद इस हफ्ते गेंदबाजों की सूची में उल्लेखनीय सुधार करने वाले एकमात्र अन्य गेंदबाज हैं। आदिल रशीद आठ विकेट लेने के बाद सात पायदान चढ़कर आठवें स्थान पर पहुंच गए। लॉर्ड्स और साउथम्प्टन में खेले गए दूसरे और तीसरे मैच में दो-दो विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर बरकरार है।

दूसरे और तीसरे मैच में 61 और 100 रनों की पारी खेलकर शानदार प्रदर्शन करने वाले जो रूट ने आईसीसी पुरुष एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष 20 में वापसी की। वह पांच पायदान की छलांग लगाकर 19वें स्थान पर पहुंच गए। वह दो साल में पहली बार शीर्ष 20 में पहुंचे है। उनके हमवतन जोस बटलर ने 62 और नाबाद 61 रनों की पारी खेलकर सात पायदान की छलांग लगाई। शाहीन शाह अफरीदी को चार स्थान की छलांग के साथ 22वें स्थान पर पहुंचने का इनाम मिला, जबकि उनके साथी और प्लेयर ऑफ द सीरीज मोहम्मद नवाज अफगानिस्तान के खिलाफ फाइनल में 5 विकेट (19 रन पर पांच विकेट) लेकर गेंदबाजों की सूची में 13 स्थान की छलांग के साथ 30वें स्थान पर पहुंच गए, जिसमें एक हैट्रिक भी शामिल थी, अफगानिस्तान के नूर अहमद 40 स्थान की छलांग के साथ संयुक्त 33वें स्थान पर पहुंच गए। श्रीलंका के कुसल परेरा हरारे में जिम्बाब्वे के खिलाफ नाबाद अर्धशतक की बदौलत तीन स्थान की छलांग के साथ नौवें और सिकंदर रजा तीन स्थान की छलांग के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गए।

## भारत ने कोरिया को महिला एशिया कप सुपर चार मुकाबले में 4-2 से हराया



हांगझोउ (चीन) । भारतीय महिला हॉकी टीम ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बुधवार को यहां एशिया कप के सुपर चार चरण के अपने पहले मैच में कोरिया को 4-2 से हराया। पूल बी में सात अंक के साथ शीर्ष पर रहे भारत के लिए वैष्णवी विट्ठल फाल्के (दूसरे मिनट), संगीता कुमारी (33वें मिनट), लालरेमसियामी (40वें मिनट) और रुतुजा ददासो पिसल (59वें मिनट) ने गोल दागे। कोरिया की ओर से दोनों गोल यूजिन किम (33वें और 53वें मिनट) ने किए। भारत अपने अगले मैच में बृहस्पतिवार को चीन से भिड़ेगा।

## शिखर धवन और उनकी संस्था पंजाब बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आई, पुनर्वास में करेगी सहायता

**मुम्बई (एजेंसी)।** नई दिल्ली - भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने पंजाब में बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद से लिए आगे आए हैं। इंस्टाग्राम पर साझा किए गए एक भावुक वीडियो में धवन ने इस कठिन समय में एकता और करुणा का आह्वान किया। धवन ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट में लिखा, 'यह एकजुट होने का समय है। पंजाब को हमारी ताकत, करुणा और समर्थन की जरूरत है.. थोड़ी सी मदद भी बहुत फर्क ला सकती है। आइए हम सब अपना योगदान दें।'

अपनी व्यक्तिगत अपील के साथ धवन का NGO शिखर धवन फाउंडेशन बाढ़ प्रभावित परिवारों के पुनर्वास प्रयासों में सहायता के लिए जमीनी स्तर पर सक्रिय रूप से काम कर रहा है। शिखर धवन की मीडिया टीम की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार फाउंडेशन का उद्देश्य जीवन के पुनर्निर्माण में मदद करना और जहां सबसे ज्यादा जरूरत है वहां दीर्घकालिक सहायता प्रदान करना है।

उनके संदेश को प्रशंसकों और साथी क्रिकेटरों का जबरदस्त समर्थन मिला है जिसमें संकट के समय में करुणा और एकता के महत्व पर प्रकाश डाला गया है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए पंजाब के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की। उन्होंने पंजाब को पहले से आवंटित 12,000 करोड़ रुपए के अलावा, राज्य के लिए 1,600 करोड़ रुपए के वित्तीय सहायता पैकेज की घोषणा की।

प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार केंद्र राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (SDRF) और पीएम किसान सम्मान निधि योजना की दूसरी किस्त भी अग्रिम रूप से जारी करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने स्थिति का जमीनी स्तर पर आकलन करने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (NDRF) और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (SDRF) के कर्मियों से भी बातचीत की।

हाल के दिनों में हुई भारी बारिश के कारण पंजाब में व्यापक तबाही हुई है। राज्य सरकार ने केंद्र द्वारा 'रोके गए' 60,000 करोड़ रुपए की धनराशि तत्काल जारी करने की मांग की है, जो पंजाब की बाढ़ से प्रभावित अर्थव्यवस्था को समग्र रूप से पटरी पर लाने के लिए बेहद जरूरी है। प्रधानमंत्री मोदी ने गुरदासपुर और अन्य प्रभावित क्षेत्रों में हुए नुकसान का आकलन किया। इसके बाद उन्होंने गुरदासपुर में अधिकारियों और निर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ एक आधिकारिक समीक्षा बैठक की।



प्रधानमंत्री मोदी ने राहत और पुनर्वास उपायों की समीक्षा की और पंजाब में हुए नुकसान का भी आकलन किया।

# बायबैक की खबर से उछला इन्फोसिस, आईटी शेयरों में लौटी रौनक

**नई दिल्ली ।**

भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों के शेयरों में जोरदार तेजी देखने को मिली। इस बढ़त की अगुवाई इन्फोसिस ने की, जिसके शेयर में करीब 5 फीसदी की छलांग दर्ज की गई। तेजी की प्रमुख वजह कंपनी द्वारा शेयर बायबैक (पुनर्खरीद) की योजना रही, जिसकी घोषणा सोमवार को बाजार बंद होने के बाद की गई थी। इन्फोसिस का निदेशक मंडल गुरुवार को बायबैक प्रस्ताव पर विचार करेगा। इन्फोसिस की अगुवाई में निफ्टी आईटी इंडेक्स में भी 2.8 फीसदी की तेजी आई, जो 12 मई के बाद की सबसे बड़ी एकदिनी बढ़त है। टीसीएस और एचसीएल टेक जैसे दिग्गज शेयरों ने भी इस रैली में योगदान दिया। सेंसेक्स में भी इन्फोसिस सबसे बड़ा गेनर रहा। हालांकि, विश्लेषकों का मानना है कि यह तेजी अस्थायी हो सकती है। इक्विनॉमिक्स के एक वे रिष्ठ अे धिकारी के अनुसार यह उछाल केवल बायबैक की खबर से जुड़ा है और अन्य आईटी कंपनियों के भी बायबैक करने की अभी कोई पुष्टि नहीं है।




इस बीच अमेरिकी अर्थव्यवस्था से जुड़े सकारात्मक संकेतों जैसे रुपये में गिरावट और ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद ने भी आईटी सेक्टर को समर्थन दिया। अमेरिका में टेक खर्च बढ़ने की संभावना से भारतीय आईटी कंपनियों को लाभ हो सकता है।

# जीएसटी कटौती से ऑटो सेक्टर में आई तेजी



**- बाजार पूंजीकरण में 3 लाख करोड़ की बढ़ोतरी**

**नई दिल्ली ।**

सरकार द्वारा वाहनों पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में बड़ी कटौती की घोषणा के बाद भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग को नया बल मिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को एक दशक में सबसे बड़ी टैक्स राहत का ऐलान किया था, जिसके तहत अधिकतर यात्री वाहनों पर जीएसटी दर 31 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी कर दी गई। इसका सीधा असर ऑटो सेक्टर पर देखने को मिला है। निफ्टी ऑटो इंडेक्स, जो 15 प्रमुख वाहन कंपनियों को ट्रैक करता है, तब से अब तक करीब 3 लाख करोड़ रुपये (लगभग 34 अरब डॉलर) का बाजार पूंजीकरण जोड़ चुका है।

इंडेक्स में 12.7 फीसदी की तेजी दर्ज की गई है, जो इसी अवधि में निफ्टी 50 की महज एक फीसदी की बढ़त की तुलना में कहीं ज्यादा है। मारुति सुजुकी इंडिया, जो बाजार पूंजीकरण के हिसाब से सबसे बड़ी वाहन निर्माता है, के शेयर में 19 फीसदी की वृद्धि हुई है। आयशर मोटर्स और टीवीएस मोटर जैसी दोपहिया वाहन निर्माता कंपनियाँ भी इस तेजी में अग्रणी रही हैं। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज के एक विश्लेषक शशांक का कहना है कि यह ऑटो सेक्टर के लिए रोमांचक समय है। उनका मानना है कि कर कटौती से कंपनियाँ कीमतें घटाएंगी, जिससे खासकर एंट्री-लेवल कारों की मांग में जबरदस्त बढ़ोतरी हो सकती है। हालांकि, अमेरिका द्वारा भारत के निर्यात पर लगाए गए 50

फीसदी टैरिफ ने वैश्विक बाजार की धारणा को प्रभावित किया है, लेकिन घरेलू बाजार में त्योहारी सीजन से पहले मांग में मजबूती बनी हुई है।

# रिकॉर्ड उच्च स्तर के बाद सोने के भाव में गिरावट, चांदी चमकी



**- सोना 289 रुपए गिरकर 1,08,744 रुपए प्रति 10 ग्राम, चांदी 1,24,889 रुपए**

**नई दिल्ली ।** सोने की कीमतों ने हाल ही में रिकॉर्ड स्तर छूने के बाद बुधवार को नरमी दिखाई, जबकि चांदी के भावों में मजबूती देखने को मिली। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का अक्टूबर वायदा कॉन्ट्रेक्ट 289 रुपए की गिरावट के साथ 1,08,744 रुपए प्रति 10 ग्राम पर खुला। इस समय यह 1,08,745 रुपए पर कारोबार कर रहा था। दिन का उच्चतम स्तर 1,08,749 रुपए और न्यूनतम 1,08,668 रुपए रहा। मंगलवार को यह 1,09,840 रुपए का उच्चतम स्तर छू चुका था। वहीं दूसरी ओर, चांदी में मजबूती देखने को मिली। एमसीएक्स पर दिसंबर वायदा कॉन्ट्रेक्ट 465 रुपए की तेजी के साथ 1,24,926 रुपए प्रति किलो पर खुला। इस समय तक चांदी 1,24,889 रुपए पर कारोबार कर रही थी। इसका उच्चतम स्तर 1,24,937 रुपए और न्यूनतम 1,24,799 रुपए रहा। इस महीने चांदी 1,26,730 रुपए के उच्चतम स्तर तक पहुंची थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार की बात करें तो कामेक्स पर सोना 3,662 डॉलर प्रति औंस पर खुला, जो पिछले बंद 3,682.20 डॉलर से करीब 9.40 डॉलर कम था। वहीं चांदी 41.34 डॉलर पर खुलने के बाद 41.43 रुपए प्रति औंस पर पहुंच गई। विशेषज्ञों के अनुसार सोने में मुनाफावसूली और डॉलर की मजबूती इसकी कीमतों पर दबाव बना रहे हैं, जबकि चांदी में औद्योगिक मांग के चलते तेजी बनी हुई है।

# सेडान डिजायर पर 25,000 रुपये के खास ऑफर की घोषणा

**नई दिल्ली ।**

अपनी पॉपुलर सेडान डिजायर पर मारुति सुजुकी ने खास ऑफर की घोषणा की है। ग्राहक इस ऑफर का लाभ नजदीकी डीलरशिप से संपर्क कर प्राप्त कर सकते हैं। सेडान डिजायर कार पर अधिकतम 25,000 रुपये तक का डिस्काउंट दिया जा रहा है, जिसमें 10,000 रुपये का कंज्यूमर डिस्काउंट और 15,000 रुपये तक का एक्सचेंज बोनस शामिल है। डिजाइन के लिहाज से मारुति डिजायर में बड़ा फ्रंट ग्रिल, स्लिक एलईडी डीआरएल, एलईडी टेल लैंप और नए 15-इंच डुअल टोन अलॉय व्हील दिए गए हैं। इंटीरियर में 9-इंच टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, वायरलेस फोन चार्जर और क्रूज कंट्रोल जैसे फीचर्स मौजूद हैं। खास बात यह है कि यह भारत की पहली सब-कॉम्पैक्ट सेडान है जिसमें सिंगल-पैन सनरूफ का विकल्प दिया गया है। सेफ्टी के मामले में भी डिजायर ने खास पहचान बनाई है। ग्लोबल एनकैप ने इस कार को फैमिली सेफ्टी के लिए 5-स्टार रेटिंग दी है। इसके साथ ही इसमें 6 एयरबैग, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल और अन्य सुरक्षा फीचर्स शामिल हैं। माइलेज की बात करें तो यह कार ग्राहकों को काफी आकर्षित करती है। मैनुअल ट्रांसमिशन में



इसका माइलेज 24.79 किमी प्रति लीटर और ऑटोमेटिक गियरबॉक्स में 25.71 किमी प्रति लीटर तक का है। वहीं, सीएनजी मॉडल 30 किमी प्रति किलोग्राम से ज्यादा का माइलेज देता है। पावरट्रेन में 1.2-लीटर 3-सिलेंडर पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो 81.58बीएचपी की पावर और 111.7 एनएम का पीक टॉर्क जनरेट करता है। इसके अलावा, सीएनजी विकल्प भी उपलब्ध है। कीमत की बात करें तो भारतीय बाजार में मारुति डिजायर की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 6.84 लाख रुपये से शुरू होकर टॉप मॉडल के लिए 10.20 लाख रुपये तक जाती है।

# भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता फिर शुरू

**- ट्रंप ने मोदी को बताया अच्छा दोस्त**

**वाशिंगटन।**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ व्यापार संबंधों में सुधार का संकेत देते हुए घोषणा की है कि अमेरिका और भारत के बीच व्यापार वार्ता फिर से शुरू कर दी गई है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि दोनों देश व्यापार बाधाओं को दूर करने के लिए बातचीत जारी रखेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना 'बहुत अच्छा दोस्त' बताया और कहा कि वह जल्द ही उनसे बातचीत के लिए उत्सुक हैं। ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी को 'महान प्रधानमंत्री' करार देते हुए कहा कि भारत और अमेरिका के बीच विशेष संबंध हैं। उन्होंने कहा` कि मुझे पूरा भरोसा है कि हमारे दोनों देशों के लिए व्यापार वार्ता सफल रहेगी। ट्रंप के इस नरम रुख के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने भी उनकी बातों की सराहना की और दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत बताया। मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा, राष्ट्रपति ट्रंप की भावनाओं की मैं तहे दिल से सराहना करता हूं और उनका पूरा समर्थन करता हूं। यह कदम अमेरिका की ओर से हाल ही में टैरिफ बढ़ाने के बाद आया है। 27 अगस्त को अमेरिकी प्रशासन ने भारत से आयातित वस्तुओं पर टैरिफ 50 प्रतिशत तक बढ़ा दिया था। यह निर्णय भारत द्वारा रूस से तेल की खरीद जारी रखने के कारण लिया गया था। इसके कारण दोनों देशों के बीच व्यापारिक तनाव बढ़ गया था। अब व्यापार वार्ता के फिर से शुरू होने से उम्मीद जताई जा रही है कि इस तनाव को कम किया जा सकेगा और द्विपक्षीय संबंधों में मजबूती आएगी।



# फिच ने वित्त वर्ष 2026 के लिए भारत की विकास दर का अनुमान बढ़ाकर 6.9 प्रतिशत किया

**नई दिल्ली।** फिच रेटिंग्स के लेटेस्ट ग्लोबल इकोनॉमिक आउटलुक के अनुसार, भारत भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच मजबूती का प्रदर्शन कर रहा है और अगले तीन वर्षों में देश 6 प्रतिशत से ऊपर की विकास दर बनाए रखने का अनुमान है।2025 की दूसरी तिमाही के मजबूत परिणाम को देखते हुए फिच ने मार्च 2026 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के लिए अपने पूर्वानुमान को जून की रिपोर्ट के 6.5 प्रतिशत से संशोधित कर 6.9 प्रतिशत कर दिया है।रिपोर्ट में कहा गया है कि घरेलू मांग विकास का प्रमुख चालक होगी, क्योंकि मजबूत वास्तविक आय गतिशीलता उपभोक्ता खर्च को बढ़ावा देगी और लूजर फाइनेंशियल कंडीशन निवेश को बढ़ावा देगी। फिच के नोट के अनुसार, भारत में वार्षिक वृद्धि दर वित्त वर्ष 27 में 6.3 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है और अर्थव्यवस्था अपनी क्षमता से थोड़ा ऊपर चल रही है। फिच ने कहा, हमें लगता है कि वित्त वर्ष 28 में वृद्धि दर घटकर 6.2 प्रतिशत रह जाएगी। रिपोर्ट में कहा गया है, हमें अब भी उम्मीद है कि भारतीय रिजर्व बैंक इस वर्ष के अंत तक ब्याज दरों में 25 आधार अंकों की कटौती करेगा, क्योंकि वह पहले से लागू की गई नीतिगत ढील के प्रभाव का आकलन कर रहा है और दरें 2026 के अंत तक स्थिर रहेंगी।



# पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से कच्चा तेल 49 रुपये चढ़ा

**नई दिल्ली ।** कतर में हमास नेताओं को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हमले के बाद पश्चिम क्षेत्र में संघर्ष बढ़ने की चिंताओं के बीच बुधवार को वायदा बाजार में कच्चे तेल की कीमतें 49 रुपये बढ़कर 5,593 रुपये प्रति बैरल हो गईं।मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में सितंबर डिलिवरी के लिए सबसे अधिक कारोबार वाले कच्चे तेल के वायदा भाव 49 रुपये या 0.88 प्रतिशत बढ़कर 5,593 रुपये प्रति बैरल पर पहुंच गया। इसमें 10,812 लॉट के लिए कारोबार हुआ।अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) कच्चा तेल 1.18 प्रतिशत बढ़कर 63.37 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था, जबकि ब्रेंट क्रूड 1.17 प्रतिशत बढ़कर 67.17 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

# उज्जीवन एसएफबी का शेयर 7.4 फीसदी बढ़ा

**बैंक का परिसंपत्ति पर रिटर्न को 1.8-2 फीसदी तक बढ़ाने का लक्ष्य**




**नई दिल्ली ।** बीएसई पर उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के शेयर में 8 फीसदी तक तेजी आई और अंत में 7.4 फीसदी बढ़त के साथ 47.45 रुपये पर बंद हुआ। यह बढ़त बाजार के प्रमुख सूचकांकों सेंसेक्स और निफ्टी के केवल 0.39 फीसदी सुधार से काफी अधिक थी। निवेशकों में बैंक की वित्त वर्ष 2030 तक की दीर्घकालिक विकास योजना को लेकर सकारात्मक उत्साह देखा गया। बैंक ने वित्त वर्ष 2030 तक को 'हाई ग्रोथ फेज' करार देते हुए सुरक्षित और विविध ऋण पोर्टफोलियो पर जोर दिया है। वर्तमान में बैंक के कुल ऋण का 46 फीसदी हिस्सा सुरक्षित ऋणों का है, जिसे बढ़ाकर 65-70 फीसदी करने का लक्ष्य रखा गया है। किफायती आवास और संपत्ति पर सूक्ष्म ऋण बैंक के दो मुख्य विकास इंजन होंगे, जिनमें लगभग 30 फीसदी की वार्षिक वृद्धि दर की उम्मीद है। उज्जीवन का लक्ष्य है कि वह वित्त वर्ष 2030 तक अपनी सकल ऋण बुक को 1 लाख करोड़ रुपए तक बढ़ाए, जो वर्तमान में लगभग 33,300 करोड़ रुपए है। इसके साथ ही बैंक अपने जमा आधार को तीन गुना करने की योजना बना रहा है। चालू खाता बचत खाता की भागीदारी 2025 के 25.5 फीसदी से बढ़ाकर 2030 तक 35 फीसदी करने का लक्ष्य है। बैंक 400 नई शाखाएं खोलकर कुल शाखाओं की संख्या 1,150 तक ले जाएगा। बैंक ने परिसंपत्ति पर रिटर्न को 1.8-2 फीसदी और पूंजी पर रिटर्न को 16-18 फीसदी तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है।

# अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को लेकर आशावाद के बीच भारतीय शेयर बाजार हरे निशान में बंद

**मुंबई।**

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और जीएसटी को रेशनलाइज बनाने को लेकर आशावाद के चलते भारतीय शेयर बाजार बुधवार को हरे निशान में बंद हुआ।

कारोबार के अंत में 323.83 अंक या 0.40 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,425.15 पर बंद हुआ। आईटी और एफएमसीजी शेयरों में खरीदारी के बीच 30 शेयरों वाला यह सूचकांक पिछले सत्र के 81,101.32 के बंद भाव के मुकाबले 81,504.36 पर अच्छी बढ़त के साथ खुला। सूचकांक ने दिन के कारोबार में 81,643.88 का उच्चतम स्तर छुआ।

निफ्टी 104.50 अंक या 0.42 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,973.10 पर बंद हुआ।

विश्लेषकों ने कहा, भारत और अमेरिका के बीच चल रही व्यापार वार्ताओं को लेकर नए सिरे से आशावाद ने मार्केट सेंटीमेंट को मजबूत किया है। जीएसटी को रेशनलाइज बनाने और मौद्रिक नरमी के लाभों से वित्त वर्ष 26 की दूसरी छमाही की बेहतर आय की उम्मीद, मूल्यांकन को मजबूती प्रदान कर रही है।

उन्होंने आगे कहा कि अगले सप्ताह फेड द्वारा ब्याज दरों में संभावित कटौती और टेक्नोलॉजी खर्च में सुधार की उम्मीदों के चलते आईटी सूचकांक ने अपने बेहतर प्रदर्शन को जारी रखा।



निवेशक टैरिफ संबंधी मुद्दों के समाधान के संकेतों के लिए भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता की प्रगति पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

सेंसेक्स पैक में बीईएल, एचसीएल टेक, बजाज फाइनेंस, टीसीएस, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, एक्सिस बैंक, एसबीआई, एलएंडटी, आईटीसी और बजाज फिनसर्व टॉप गेनर्स रहे। वहीं, एमएंडएम, मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, इटरनल और पावरग्रिड टॉप लूजर्स रहे।

अधिकांश क्षेत्रीय सूचकांकों ने सत्र का अंत सकारात्मक रुख के साथ किया। निफ्टी फाइनेंशियल सर्विस 161.80 अंक या 0.62 प्रतिशत, निफ्टी एफएमसीजी 359.60 अंक या 0.64 प्रतिशत और निफ्टी आईटी 927.90 अंक या 2.63 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। मुनाफावसूली के बीच निफ्टी ऑटो 348.55 अंक या 1.28 प्रतिशत गिर गया।

ब्रॉडर मार्केट ने भी यही रुख अपनाया। निफ्टी बैंक 319.90 अंक या 0.59 प्रतिशत, निफ्टी स्मॉलकैप 100 में 130.30 अंक या 0.73 प्रतिशत, निफ्टी मिडकैप 100 में 535.20 अंक या 0.93 प्रतिशत और निफ्टी बैंक ने 319.90 अंक या 0.59 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।

# यूरोपीय संघ ने 102 नए भारतीय मत्स्य प्रतिष्ठानों को निर्यात के लिए मान्यता दी

**नई दिल्ली ।** यूरोपीय संघ (ईयू) ने भारत के 102 नए मत्स्य प्रतिष्ठानों को अपने सदस्य देशों को समुद्री खाद्य निर्यात के लिए मान्यता प्रदान की है। यह कदम भारत के समुद्री खाद्य उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बताया कि इस निर्णय से भारत की खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता आश्वासन प्रणालियों पर यूरोपीय संघ का विश्वास बढ़ा है। विशेष रूप से जलीय कृषि के झींगे और सेफेलोपोड्स जैसे स्क्विड, कटल फिश और ऑक्टोपस के निर्यात में वृद्धि होगी। इससे भारत को यूरोपीय और अन्य विदेशी बाजारों में प्रवेश के नए अवसर मिलेंगे। इसके साथ ही इस उद्योग में रोजगार के अवसर भी बढ़ने की संभावना है, जो आर्थिक विकास के लिए सहायक होगा। यह कदम भारत के निर्यात क्षेत्र को मजबूत करने में महत्वपूर्ण साबित होगा।

# मास्टेक ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सबसे बड़ा डिविडेंड घोषित किया

**नई दिल्ली ।** आईटी कंपनी मास्टेक लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अब तक का सबसे बड़ा डिविडेंड देने का ऐलान किया है। कंपनी ने अप्रैल 2025 में 16 रुपए प्रति शेयर (320 फीसदी) फाइनल डिविडेंड का ऐलान किया था। डिविडेंड पाने वाले निवेशकों का चयन करने के लिए कंपनी ने रिकॉर्ड डेट 12 सितंबर 2025, शुक्रवार निर्धारित की है। इस दिन जिन निवेशकों के नाम शेयर कंपनी के रिकॉर्ड में होंगे, वे डिविडेंड के हकदार होंगे। मास्टेक का यह फाइनल डिविडेंड कंपनी की 43वीं वार्षिक आम बैठक में मंजूर किया जाएगा, जो 23 सितंबर 2025 को आयोजित होगी। एजीएम में मंजूरी मिलने के बाद डिविडेंड का भुगतान 30 दिनों भीतर निवेशकों को कर दिया जाएगा। यह कंपनी का अब तक का सबसे बड़ा डिविडेंड है, जो निवेशकों के लिए खास खुशखबरी है।

# इसरो के साथ समझौता....फिर क्या भाग पड़े हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड के शेयर

**मुंबई ।**

हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के शेयर बुधवार को कारोबार के दौरान फोकस में रहे। बुधवार को इंट्रा डे में एचएएल का शेयर बीएसई पर 1.12 प्रतिशत चढ़कर 4,503.55 पर ट्रेड कर रहा था। दरअसल, कंपनी ने बताया कि उसने भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस), न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता किया है। यह समझौता स्मॉल सैटेलाइट लांच व्हीकल (एसएसएलवी) तकनीक के लिए है।

एसएसएलवी एक तीन-स्टेज रॉकेट है, जिसे 500 किलोग्राम से कम वज़न वाले सैटेलाइट को लोअर अर्थ ऑर्बिट (लिओ) में स्थापित करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस करार के तहत एचएएल पहले दो साल तक इस तकनीक को ऑब्जर्व करेगा, इसके बाद 10 साल का प्रोडक्शन फेज होगा। एचएएल ने बताया कि इस समझौते से उसे एसएसएलवी टेक्नोलॉजी का नॉन-एक्सक्लूसिव और नॉन-ट्रांसफरेबल लाइसेंस मिला है। इसमें डिजाइन, मैन्युफैक्चरिंग, क्वालिटी कंट्रोल, इंटीग्रेशन, लांच ऑपरेशन, पोस्ट-फ्लाइट एनालिसिस डॉक्यूमेंटेशन, ट्रेनिंग और सपोर्ट शामिल हैं। कंपनी ने कहा कि आगे चलकर एचएएल की जिम्मेदारी होगी कि वह एसएसएलवी का बड़े पैमाने पर उत्पादन करे, ताकि भारतीय और वैश्विक मांगों को पूरा किया जा सके।

इस ट्रांसफर के बाद अब एचएएल को लांच व्हीकल बनाने, उसका मालिकाना हक रखने और खुद ऑपरेट करने की आजादी मिल गई है। यह कदम एचएएल की उस लंबी रणनीति से मेल खाता है, जिसमें कंपनी एक अलग स्पेस वर्टिकल खड़ा करना चाहती है। इस टेक्नोलॉजी ट्रांसफर से एचएएल सिर्फ कंपोनेंट सप्लायर से आगे बढ़कर एक पूरी लॉन्च सर्विस प्रोवाइडर और तेजी से बढ़ते छोटे सैटेलाइट मार्केट की बड़ी खिलाड़ी बन सकेगी।




पिछले एक महीने में एचएएल के शेयर लगभग फ्लैट रहे हैं, जबकि तीन महीने में इनमें 12 प्रतिशत की गिरावट आई है। हालांकि, पिछले छह महीनों में इस पीएसयू डिफेंस स्टॉक ने 32 प्रतिशत की जोरदार रैली दिखाई है।

# इक्विटी म्यूचुअल फंड इनफ्लो अगस्त में 33,430 करोड़ रुपए रहा, गोल्ड ईटीएफ में निवेश बढ़ा : एम्फी

**नई दिल्ली।**

इक्विटी म्यूचुअल फंड में इनफ्लो अगस्त में 33,430.37 करोड़ रुपए रहा है। यह जानकारी एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) की ओर से बुधवार को दी गई। एम्फी के द्वारा जारी किए गए डेटा में बताया गया कि बीते महीने लार्ज-कैप फंड्स में रिकॉर्ड 2,834.88 करोड़ रुपए का फंड आया है। मिड-कैप कैटेगरी में 5,330.62 करोड़ रुपए और स्मॉल-कैप कैटेगरी में 4,992.90 करोड़ रुपए का इनफ्लो आया है। फ्लैक्सी-कैप फंड्स में रिकॉर्ड 7,679.40 करोड़ रुपए का इनफ्लो आया है, जो कि इससे पहले के महीने में आए 7,654 करोड़ रुपए के इनफ्लो से मामूली रूप से अधिक है। गोल्ड ईटीएफ में अगस्त में 7,200 करोड़ रुपए का इनफ्लो आया है, जो कि जुलाई में 1,200 करोड़ रुपए था। मासिक आधार पर गिरावट के बावजूद, अगस्त 2025 में सकारात्मक इक्विटी प्रवाह का यह लगातार 54वां महीना था।हालांकि, म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री की एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) जून में 74.41 लाख करोड़ रुपए और जुलाई में 75.35 लाख करोड़ रुपए से थोड़ी कम होकर 75.18 करोड़ रुपए हो गया है।

# एयरफ्लोआ रेल टेक्नोलॉजी का आईपीओ 11 से खुलेगा

**नई दिल्ली।** एयरफ्लोआ रेल टेक्नोलॉजी का इश्यू जल्द खुलने वाला है। अगर आईपीओं में निवेश की योजना बना रहे है तो कंपनी का रुपए 91.10 करोड़ का यह एसएमई आईपीओ 11 सितंबर 2025 से निवेशकों के लिए खुलेगा और 15 सितंबर तक इसमें पैसा लगाया जा सकेगा। इस इश्यू का प्राइस बैंड रुपए 133 से रुपए 140 प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग 18 सितंबर को बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर होने की संभावना है। ग्रे मार्केट में इस आईपीओ को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार, एयरफ्लोआ रेल टेक्नोलॉजी के शेयरों का ग्रे मार्केट प्रीमियम रुपए 150 तक पहुंच चुका है। इसका मतलब है कि लिस्टिंग के समय निवेशकों को अपने निवेश पर 107 प्रतिशत से अधिक का संभावित रिटर्न मिल सकता है। कंपनी का मुख्यालय चेन्नई में है और यह भारतीय रेलवे द्वारा उपयोग किए जाने वाले रोलिंग स्टॉक के कलपुर्जों के निर्माण का काम करती है।



# आखिर किस वजह से उड़ गई रश्मिका की नींद? एक्ट्रेस ने किया खुलासा

साउथ एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने आज शनिवार को एक पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने फ्लाइट की उड़ानों के समय का जिक्र किया। अभिनेत्री ने कहा इसने उन्हें काफी परेशान किया। साथ ही उन्होंने कहा कि वह इस बीच में फंसी रहती हैं कि नींद लें या ना लें। आइए जानते हैं।

## रश्मिका की उड़ी नींद

रश्मिका मंदाना ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की है। इसमें उन्होंने अपनी फ्लाइट के दौरान की एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, 'सुबह 3:50 की उड़ानें सबसे खराब होती हैं। यह न तो सुबह होती है और न ही रात।' इसके आगे उन्होंने कहा, 'क्या मुझे दो घंटे सोना चाहिए, उठकर काम करना चाहिए (मैं बहुत बीमार और सुस्त महसूस करूंगी) या क्या मुझे बस जागकर कुछ काम करना चाहिए और पूरा दिन खत्म करना चाहिए (फिर भी मैं बहुत सुस्त महसूस करूंगी) और फिर सो जाना चाहिए। ये रोज़मर्रा के फैसले हैं जिन्हें लेना मेरे लिए सबसे मुश्किल होता है।' इस पोस्ट को करते हुए एक्ट्रेस ने रोने वाला इमोजी लगाया हुआ है, जो उनके परेशान होने की स्थिति बयां कर रहा है।

## रश्मिका मंदाना का वर्कफ्रंट

रश्मिका मंदाना के करियर फ्रंट की बात करें तो उन्हें आखिरी बार कुबेर फिल्म में देखा गया था, जिसमें धनुष और नागार्जुन मुख्य भूमिका में नजर आए थे। वहीं उनकी आगामी फिल्मों की बात करें, तो वह हिंदी फिल्म 'थामा' के अलावा एक साउथ फिल्म मैसा में भी नजर आएंगी। वहीं 'थामा' की बात करें, तो इसमे आयुष्मान खुराना लीड रोल में हैं। इसके अलावा एक्ट्रेस 'गर्लफ्रेंड' फिल्म में भी दिखेंगी।



# बॉलीवुड डेब्यू पर गदगद हरनाज कौर संधू

साल 2021 में मिस यूनिवर्स का खिताब अपने नाम कर भारत का मान बढ़ाने वाली हरनाज कौर संधू ने बॉलीवुड इंडस्ट्री में दस्तक दे दी है। टाइगर श्रॉफ और संजय दत्त अभिनीत फिल्म बागी 4 में वे नजर आई हैं, जो शुक्रवार 05 सिंतबर को रिलीज हुई है। इस मौके पर उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट शेयर किया है, जिसमें अपने दिवंगत पिता को याद करती दिखी हैं। अपने बॉलीवुड डेब्यू को लेकर हरनाज कौर संधू बेहद खुश हैं। उन्होंने अपनी अब तक की सफलता का क्रेडिट अपने परिवार को दिया है। हरनाज ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने एक फैमिली फोटो पोस्ट करते हुए दिल छूने वाली कुछ लाइनें लिखी हैं। हरनाज का कहना है कि उनके इस सफर में परिवार हमेशा ताकत बना है।

## सपनों से लेकर परदे तक...

हरनाज ने पोस्ट के साथ लिखा है, सपनों से लेकर बड़े परदे तक... मेरा दिल शुकराना और कृतज्ञता से भरा है। यह पल मेरे परिवार के प्यार और आशीर्वाद के बिना मुमकिन नहीं होता। पापा, मेरे मार्गदर्शक, गार्जियन एंजिल... मैं आपको हर कदम पर, हर फ्रेम में अपने साथ रखती हूं। हरनाज ने हैशटैग के साथ बागी 4 लिखा है। बता दें कि हरनाज कौर संधू के पिता प्रीतम सिंह संधू का जुलाई 2023 में निधन हो गया था।

## असरदार रहा हरनाज का डेब्यू

बागी 4 में हरनाज संधू का डेब्यू ताजगी भरा और असरदार रहा है। बात करें फिल्म बागी 4 की तो यह बागी फ्रेंचाइजी की चौथी कड़ी है। इस सीरीज की पहली फिल्म साल 2016 में आई थी। आज शुक्रवार को रिलीज हुई बागी 4 का निर्देशन ए. हर्षा ने किया है। संजय दत्त नेगेटिव रोल में हैं। टाइगर श्रॉफ और संजय दत्त जबर्दस्त एक्शन अवतार में नजर आए हैं। फिल्म ने ओपनिंग डे पर 12 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है।

# श्रद्धा श्रीनाथ ने सीरीज द गेम - यू नेवर प्ले अलोन की दी जानकारी



अभिनेत्री श्रद्धा श्रीनाथ की नई तमिल थ्रिलर सीरीज द गेम- यू नेवर प्ले अलोन नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इस सीरीज में संतोष प्रताप, चंदिनी, श्यामा हरिनी, बाला हसन, सुबाष सेल्वम, विविया संत, धीरज और हेमा जैसे कलाकार नजर आएंगे।

आज श्रद्धा श्रीनाथ ने अपने इंस्टाग्राम अकाअंट पर सीरीज द गेम- यू नेवर प्ले अलोन को लेकर एक अहम जानकारी दी है। श्रद्धा ने फिल्म का एक पोस्टर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, वॉच द गेम, 2 अक्टूबर को सीरीज, केवल नेटफ्लिक्स पर। वहीं श्रद्धा के कई फैंस ने भी उनकी इस आगामी सीरीज को लेकर उत्साह जताया है। एक फैन ने लिखा, आपके प्रदर्शन का इंतजार रहेगा प्रिय, एक और फैन ने लिखा, इंतजार नहीं कर सकता, वहीं कई फैंस ने श्रद्धा को सीरीज के लिए शुभकामनाएं दी हैं तो किसी ने उनकी पोस्ट पर फायर और दिल वाले इमोजी बरसाए हैं।

सीरीज द गेम – यू नेवर प्ले अलोन

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, निर्देशक राजेश एम. सेल्वा का कहना है कि यह सीरीज सिर्फ एक थ्रिलर नहीं है, बल्कि यह आज की दुनिया को दर्शाती है, जहां जिंदगी रहस्यों, धोखे और बदलते रिश्तों में उलझी है। यह कहानी लोगों के विकल्पों, कमजोरियों और सच्चाई–धोखे के बीच की बारीक रेखा को दिखाती है।

साउथ एक्टर नानी के साथ काम कर चुकी हैं श्रद्धा

श्रद्धा श्रीनाथ एक भारतीय कन्नड़ एक्ट्रेस हैं, जो ज्यादातर कन्नड़ा और तमिल फिल्मों में नजर आती हैं। श्रद्धा को 2016 में फिल्म यू टर्न से पहचान मिली। इस फिल्म के लिए श्रद्धा को फिल्मफेयर बेस्ट एक्ट्रेस का अवार्ड भी मिल चुका है। इस फिल्म के अलावा श्रद्धा साउथ एक्टर नानी की फिल्म जर्सी में भी अहम भूमिका निभा चुकी हैं। अब फैंस श्रद्धा की इस आगामी सीरीज द गेम- यू नेवर प्ले अलोन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# गैंग्स ऑफ वासेपुर से एकदम अलग है निशानची



अनुराग कश्यप ने कई चर्चित फिल्में सिने प्रेमियों को दी हैं। उनकी सबसे चर्चित फिल्म है गैंग्स ऑफ वासेपुर। फिलहाल निर्देशक अपनी आगामी फिल्म निशानची को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इस फिल्म की रिलीज से पहले अनुराग कश्यप का कहना है कि निशानची उनकी फिल्म गैंग्स ऑफ वासेपुर से बिल्कुल अलग है।

## बताया दोनों फिल्मों का अंतर


अनुराग कश्यप का कहना है कि उनकी आगामी फिल्म निशानची उनकी क्लासिक फिल्म गैंग्स ऑफ वासेपुर से बिल्कुल अलग है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि साल 2012 की क्राइम थ्रिलर जहां उनके द्वारा सुनी गई कहानियों से प्रेरित थी, वहीं उनकी यह आगामी फिल्म सीधे तौर पर उनके अपने जीवन और कानपुर–लखनऊ में उनकी परवरिश से प्रेरित है।

ऐश्वर्य ठाकरे का होगा डबल रोल

फिल्म निशानची हिंदी पट्टी की पृष्ठभूमि पर आधारित जुड़वां भाइयों बबलू और डबलू के इर्द–गिर्द है। इसमें ऐश्वर्य ठाकरे लीड रोल में हैं। वे डबल रोल में नजर आएंगे। इस फिल्म से वे डेब्यू कर रहे हैं। उनके साथ वेदिका पिंटो, मोनिका पंवार, कुमुद मिश्रा और मोहम्मद जीशान अय्यूब भी अहम भूमिकाओं में हैं।

## कब रिलीज होगी निशानची?

अनुराग कश्यप का कहना है, जब मैं वासेपुर बना रहा था, तब मैं महबूब खान और के.आसिफ के स्टोरीटेलिंग जोन में था। अचानक, लोगों की जुबानी प्रचार की वजह से वासेपुर एक कल्ट बन गई। मैं जहां भी जाता, लोग चिल्लाते, वासेपुर 3, वासेपुर 3! लेकिन वासेपुर पूरा उत्तर भारत नहीं है और निशानची वासेपुर से उतनी ही अलग है, जितनी कानपुर, लखनऊ से 840 किलोमीटर दूर है। बता दें कि फिल्म निशानची 19 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। फिल्म की स्क्रिप्ट अनुराग कश्यप, प्रसून मिश्रा और रंजन चंदेल ने लिखी है।



# क्या अहान-अनीत की सैयारा का बनेगा सीक्वल? दूसरे पार्ट पर निर्देशक मोहित सूरी ने तोड़ी चुप्पी



जुलाई में अहान पांडे और अनीत पड्डा अभिनीत फिल्म सैयारा रिलीज हुई। इसका निर्देशन मोहित सूरी ने किया है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा। काफी वक्त से ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि क्या इस फिल्म का सीक्वल भी आएगा? इस सवाल का जवाब खुद मोहित सूरी ने दे दिया है।

## सीक्वल को लेकर बोले मोहित सूरी?

हाल ही में मोहित सूरी ने सैयारा पार्ट 2 को लेकर चुप्पी तोड़ी। एक बातचीत में उनसे पूछा गया कि क्या सैयारा के सेकेंड पार्ट की तैयारियां हो रही हैं? इस पर मोहित सूरी ने साफ इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, दूसरे पार्ट की प्लानिंग नहीं है। यह बेहद स्पेशल मूमेंट है, इसे एंजॉय करते हैं। यह फिल्म अभी भी सिनेमाघरों में है और सीक्वल के साथ सफलता को भुनाने का कोई इरादा नहीं है। मोहित सूरी ने साफ कर दिया है कि वे फिल्म सैयारा 2 नहीं बना रहे हैं। उनके इनकार करने के बाद सोशल मीडिया पर नेटिजन्स की मजेदार प्रतिक्रिया आ रही है। कुछ यूजर्स उन्हें शुक्रिया अदा कर रहे हैं। वहीं कुछ यूजर्स लिख रहे हैं, इसका पार्ट 2 बनाने की कोई जरूरत भी नहीं है।

ब्लॉकबस्टर रही है सैयारा

फिल्म सैयारा 18 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म के जरिए अहान पांडे ने एक्टिंग डेब्यू किया है। वहीं, बतौर लीड अभिनेत्री अनीत पड्डा की भी यह पहली फिल्म है। यह फिल्म 300 करोड़ क्लब में शामिल हुई है। फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 329.2 करोड़ रुपये कमाए हैं। यह रोमांटिक लव स्टोरी फिल्म है। युवाओं के बीच फिल्म का खासतौर से क्रेज देखा गया।



# कीकू शारदा नहीं छोड़ रहे द ग्रेट इंडियन कपिल शो

## राइज एंड फॉल से पहले हो चुकी है शूटिंग

**द ग्रेट इंडियन कपिल शो में नजर आ रहे कीकू शारदा के फैंस का गहरा धक्का लगा, जब उन्हें ये खबर मिली की एक्टर-कॉमेडियन ने शो छोड़ दिया है। क्योंकि वह अशनीर ग्रोवर के 40 दिन चलने वाले रियलिटी शो राईड एंड फॉल में नजर आएंगे। इसी कारण रिपोर्ट्स आने लगीं कि कृष्णा अभिषेक से बहस के बाद अब उन्होंने कपिल के शो से किनारा कर लिया है। लेकिन अब इसके पीछे की असली वजह सामने आई है।**

कीकू शारदा ने इंस्टाग्राम पर अशनीर ग्रोवर के शो का एक ऑफिशियल पोस्टर जारी किया था और कैप्शन में लिखा था, रूलर बनने के लिए चाहे कितनी भी हसल करने पड़े, आपका कीकू उसे करेगा। इसके बाद को–एक्टर सुनील ग्रोवर ने कमेंट में उन्हें शुभकामनाएं दी थीं और लिखा था, तुम राइज करोगे और सप्राइज भी।

कीकू शारदा नहीं छोड़ रहे द ग्रेट इंडियन कपिल शो

इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, कीकू शारदा ने तय किया है कि वह द ग्रेट इंडियन कपिल शो का सीजन पूरा करने के बाद ही अशनीर ग्रोवर के राइज एंड फॉल का हिस्सा बनेंगे। एक अंदरूनी सोर्स के हवाले से बताया गया, कीकू शो नहीं छोड़ रहे है। आप उन्हें आने वाले एपिसोड्स में देखेंगे। उन्होंने अपना अगला प्रोजेक्ट शुरू करने से पहले शो की शूटिंग पूरी कर ली है। कीकू द ग्रेट इंडियन कपिल शो का हिस्सा हैं।



## कृष्णा अभिषेक और कीकू शारदा में बहस

बता दें कि कीकू शारदा और कृष्णा अभिषेक का सेट से एक वीडियो सामने आया था, जिसमें दोनों बहस कर रहे थे। जिसमें कीकू ने कहा, टाइमपास कर रहा हूं? इस पर कृष्णा ने दुखी होते हुए कहा, तो फिर ठीक है आप कर लो। आप कर लो भाई कोई प्राब्लम नहीं है। मैं जाता हूं यहां से। फिर कीकू बोले, बात ये है कि मुझे बुलाया है तो मैं आपना खत्म कर लूं पहले। कृष्णा ने कहा, मैं आपको पसंद करता हूं और इज्जत भी करता हूं। मैं चिल्लाना नहीं चाहता। फिर कूकी ने कहा, आवाज बढ़ाने की बात नहीं है। आप इसको गलत तरीके से लेकर जा रहे हैं। अब इसके बाद लोगों ने ये कयास लगाया कि शायद इसी वजह से कीकू शो छोड़ रहे। मगर कुछ ने इसे फर्जी बताया था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in